दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 11
कोटद्वार शनिवार
29 अप्रैल 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


### कर्नाटक में कांग्रेसियों पर बरसे शाह

# खरगे ही नहीं गांधी परिवार को है पीएम का अपमान करने की आदत

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव को लेकर घमासान मचा हुआ है। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावणगेरे में शुक्रवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में जब-जब कांग्रेस सत्ता में आई तो उसने गरीबों की चिंता नहीं की।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जब-जब कर्नाटक में आई यहां के गरीबों की चिंता नहीं की, किसानों की चिंता नहीं की, विकास की चिंता नहीं की, कर्नाटक की सुरक्षा की चिंता नहीं की। इन्होंने केवल और केवल एटीएम बनकर दिल्ली धन पहुंचाने की चिंता की और भाजपा जब-जब आई तब-तब कर्नाटक के विकास, सुरक्षा की चिंता की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पीएफआई कैडरों को खुली छूट दे दी है। इसने उनके शासन में हत्याओं और बम विस्फोटों को जन्म दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया और 95 से अधिक नेताओं को सलाखों के पीछे भेज दिया। इस प्रकार कर्नाटक को सुरक्षित किया।



अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा किसानों का अपमान किया, ना किसानों को उचित दाम मिला, ना फर्टिलाइजर मिला, ना पानी मिला। आज डबल इंजन की सरकार में किसानों के खाते में डायरेक्ट पैसे भेजने का काम किया गया। गरीबों को हर सुविधा देने का काम किया गया।

इसी बीच अमित शाह ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर खरगे की आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि खरगे ही नहीं बल्कि गांधी परिवार को मोदी जी का अपमान करने की आदत है, लेकिन मोदी जी को जितना गाली दोगे कमल उतना ही खिलेगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटी का कोई मूल्य नहीं है। हालांकि, मैं गारंटी देता हूं कि सत्ता में आने पर वे भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, दंगे और वंशवादी राजनीति में शामिल होंगे।

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में मुख्यमंत्री पद को लेकर झगड़ा चल रहा है। डीके शिवकुमार नए कपड़े सिलवाकर तैयार हो गए हैं। सिद्धारमैया प्रत्याशी थे ही और अब अध्यक्ष बनने के बाद खरगे भी कतार में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि झगड़ा नहीं करो मुख्यमंत्री आपका नहीं बनने वाला है। मुख्यमंत्री तो भारतीय जनता पार्टी का बनेगा।

## यूपी में एक दिन में कोविड के 510 नए मामले, एक की मौत

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में कोरोना के 510 नए मामले सामने आए, जबकि जौनपुर के एक मरीज की मौत हो गई। इससे महामारी में मरने वालों की संख्या 23,676 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, ताजा मामलों के साथ, राज्य में सकारात्मकता दर 1.5 प्रतिशत है। इस बीच 24 घंटों के दौरान 830 मरीज संक्रमण से उबर चुके हैं। राज्य में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 3,550 हो गई है।लखनऊ में 24 घंटों में 66 नए कोविड मामले दर्ज किए गए, इससे राज्य की राजधानी में सक्रिय मामलों की संख्या 647 हो गई।हालांकि इस दौरान 121 मरीज बीमारी से ठीक भी हुए।

## गुरुग्राम में पत्नी की हत्या कर शव के टुकड़े करने वाला गिरफ्तार

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम में 34 वर्षीय एक व्यक्ति को अपनी पत्नी की हत्या करने और उसके शरीर के टुकड़े करने और अंगों को फेंकने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 21 अप्रैल को मानेसर क्षेत्र के कुकडोला गांव के खेत में बने एक कमरे से पीड़िता का अधजला धड़ बरामद किया था।

बाद में पुलिस को उसके हाथ और सिर भी मिला।

पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान गांधीनगर निवासी जितेंद्र के रूप में हुई है, जो मानेसर में किराए पर रहता था।

घटना का पता तब चला जब एक ग्रामीण उमेद सिंह ने अपने खेत में बने कमरे से धुआं निकलने के बाद अधजले धड़ के बारे में पुलिस को सूचना दी।

सिंह की शिकायत के आधार पर, मानेसर पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसने अपनी पत्नी की हत्या करने की बात कबूल कर ली है। हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए उससे पूछताछ की जा रही है।

## अतीक के ऑफिस से चोरी करने वाला गिरफ्तार, खून के धब्बे उसी के

**प्रयागराज , एजेंसी।** मारे गए गैंगस्टर अतीक अहमद के चकिया कार्यालय में मिले खून के धब्बे एक चोर के हैं, जो आंशिक रूप से ध्वस्त इमारत में लोहे की चोरी करने के लिए घुसा था। पुलिस ने आरोपी शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया, जिसने माना कि मलबे से लोहा निकालते समय वह घायल हो गया था। डीसीपी दीपक के मुताबिक, शाहरुख अपने एक साथी के साथ लोहा चोरी करने के इरादे से अतीक के ऑफिस में घुसा था,

## तीन दिन में 44892 यात्रियों ने किए बाबा केदार के दर्शन

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा पर तीर्थयात्रियों में बाबा के दर्शनों के प्रति काफी उत्साह है। यही कारण है कि तीन दिन में 44892 तीर्थयत्रियों के केदारनाथ के दर्शन कर लिए हैं। प्रतिदिन 13 हजार से अधिक यात्री बाबा केदार के दर्शन कर रहे हैं। भगवान केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के दिन केदारनाथ धाम में बड़ी संख्या में तीर्थयात्री एवं स्थानीय लोग दर्शनों को पहुंचे। 25 अप्रैल को ही कपाट खुलने की परम्परा के बाद सामान्य दर्शन करते हुए शाम तक 18335 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। जबकि 26 अप्रैल को केदारनाथ धाम में 13492 तीर्थयात्री दर्शनों को पहुंचे। 27 अप्रैल को केदारनाथ धाम में 13065 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। केदारनाथ धाम में बीते कई दिनों से बर्फबारी हो रही है किंतु भक्तों में बाबा केदार के दर्शनों को लेकर काफी उत्साह है। हालांकि बर्फबारी के चलते केदारनाथ धाम से लिंचौली तक ही परेशानियां हो रही है। इसके बाद मार्ग पूरी तरह रोमांचित और आनंदित करने वाला है। इधर, मंदिर परिसर में तीर्थयात्रियों को लाइन से दर्शन कराने की व्यवस्था की गई है।

## मौसम की चुनौतियों के बाद भी श्रद्धालुओं में भारी उत्साह

### अब तक 1.66 लाख से अधिक ने किए दर्शन

**देहरादून , एजेंसी।** अब तक 1.66 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में दर्शन किए हैं। मौसम की चुनौतियों के बाद भी अब तक केदारनाथ धाम में 61 हजार से ज्यादा भक्तों ने दर्शन किए।

केदार घाटी में बारिश और बर्फबारी के बीच बाबा केदार के दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों को काफी उत्साह है। 3070 तीर्थयात्री हेली सेवा से केदारनाथ धाम पहुंचे हैं। यमुनोत्री धाम में कपाट खुलने से अब तक 44 हजार, गंगोत्री धाम में 46 हजार और बदरीनाथ में लगभग 16 हजार से अधिक यात्रियों ने दर्शन किए हैं।

मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए 30 अप्रैल तक पंजीकरण बंद किया गया। पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक योगेंद्र गंगवार ने बताया कि चारधामों में दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों में भारी उत्साह है। केदारनाथ व बदरीनाथ धाम में मंदिर समिति की ओर से



श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन कराए जा रहे हैं।

हेमकुंड साहिब के कपाट 20 मई को खुलेंगे। हेमकुंड के लिए अब तक 16 हजार श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। जबकि चारधाम यात्रा के लिए 21 लाख से अधिक यात्री पंजीकरण कर चुके हैं।केदारनाथ यात्रा में स्वास्थ्य विभाग ने सोनप्रयाग से केदारनाथ तक स्थापित एमआरपी में 974 यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच कर उपचार किया गया। इस मौके पर 5 यात्री शपथ पत्र देकर अपने जोखिम पर धाम के लिए रवाना हुए।सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र सिंह मातोलिया ने बताया कि 55 वर्ष तक के 700 और 55 वर्ष से अधिक उम्र के 274 यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच में ऑक्सीजन लेवल, ब्लड प्रेशर, शुगर और पल्स रेट जांची गई।

## चारधाम: 54 बसों में रवाना हुए 1720 तीर्थयात्री

**ऋषिकेश।** चारधाम दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों के ऋषिकेश पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। शुक्रवार को भी 54 बसें 1720 यात्रियों को लेकर ऋषिकेश से धामों के लिए रवाना हुई। अभी तक करीब 520 बसों में 16 हजार से ज्यादा यात्री तीर्थदर्शन के लिए जा चुके हैं। देश-दुनिया से चारधाम दर्शन और पूजन के लिए यात्री प्रवेश द्वार ऋषिकेश पहुंच रहे हैं। यहां संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति के माध्यम से यात्री को बसों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। हररोज 50 से अधिक बसें धामों के लिए रवाना हो रही हैं। संयुक्त रोटेशन समिति के अध्यक्ष संजय शास्त्री ने बताया कि फिलहाल यात्रा आवागमन सेवा पर्याप्त है। यात्रा के लिए पहुंचने वाले हर यात्री को बस आसानी से उपलब्ध हो रही है। नौ निजी परिवहन कंपनियों के संयुक्त रोटेशन ने चारधाम यात्रियों के लिए 15 सौ से ज्यादा बसों का बेड़ा तैयार किया है। शास्त्री ने दर्शन के लिए जाने वाले यात्रियों से सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। बताया कि इस बाबत समिति के सदस्य और बस चालक-परिचालक भी यात्रियों को जागरूक कर रहे हैं।

# बृजभूषण की गिरफ्तारी पर अड़े पहलवान, सांसद बोले- मुझे न्यायपालिका पर भरोसा



**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और कुछ कोच खिलाफ पहलवानों का प्रदर्शन पार्ट-2 छठे दिन भी जारी है। विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक सहित कई खिलाड़ी रविवार (23 अप्रैल) को दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुंच गए थे। उसके बाद से वह धरने पर बैठे हैं। पहलवानों ने जनवरी में भी कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन किया था।

पहलवानों के प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा- मैं कानून का पालन करूंगा, मैं पहले भी यह करता रहा हूं। मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने है, मैं बच नहीं पाया हूं। मैं अपने आवास पर हूं। मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने है। कोर्ट ने आज जो भी फैसला किया है, मैं उसका स्वागत करता हूं। मुझे सुप्रीम कोर्ट के फैसले और पुलिस की जांच प्रक्रिया पर भरोसा है। जांच में जहां भी मेरे सहयोग की जरूरत होगी, मैं सहयोग करूंगा।

प्रदर्शन कर रहे पहलवानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस जारी है। इस दौरान विनेश फोगाट ने कहा कि बृजभूषण सिंह को सभी पदों से हटाया जाना चाहिए। उन्हें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है और वह अब तक हुई जांच से संतुष्ट हैं। देश का भविष्य अगर स्पोर्ट्स में बचाना है तो हमें एक साथ आना होगा। अगर वह कुश्ती संघ के अध्यक्ष बने रहे तो पद का दुरुपयोग कर सकते हैं। वहीं, बजरंग पूनिया ने कहा मुझे लगता है कि बृजभूषण पर तुरंत कार्रवाई करना चाहिए और तुरंत जेल भेजना चाहिए।

पहलवानों ने कहा कि आप स्पोर्ट्स को बचाने के लिए हमारे समर्थन में आइए। ये लड़ाई सिर्फ ।क्क की नहीं है। ।क्क पहले दिन ही हो जानी चाहिए थी। खेलों को ऐसे लोगों के चंगुल से बचाना होगा। साथ ही पहलवानों ने साफ कर दिया कि किसी कमेटी को वह कोई जवाब नहीं देंगे। पहलवानों ने साफ किया है कि जब तक बृजभूषण सिंह जेल में नहीं जाते हैं, तब तक धरना जारी रहेगा।

विनेश ने कहा कमेटी जो बनाई गई थी, उसके एक आर्टिकल में हमने पढ़ा था कि एक लड़की ने यौन शोषण की शिकायत की थी। अगर एक लड़की ने भी शिकायत की है तो उसके आधार पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए थी। हमें किसी कमेटी और किसी सदस्य पर भरोसा नहीं है। वहीं, साक्षी मलिक ने कहा कि उन्हें दिल्ली पुलिस पर भी भरोसा नहीं है। पहलवानों ने खेल मंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि अनुराग ठाकुर ने उनका फोन नहीं उठाया।

पहलवान आज शाम चार बजे प्रेंस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया के सामने अपनी बात रखेंगे। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद दिल्ली पुलिस बृजभूषण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए तैयार हो गई है। ऐसे में पहलवान अपना धरना खत्म भी कर सकते हैं।कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। यहां दिल्ली पुलिस एफआईआर दर्ज करने के लिए तैयार हो गई। एसजी तुषार मेहता ने कोर्ट में कहा कि आज शाम तक दिल्ली पुलिस पहलवानों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर लेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस से बृजभूषण सिंह के खिलाफ यौन शोषण की शिकायत करने वाली नाबालिग लड़की को सुरक्षा देने की बात भी कही है। इसके अलावा बाकी पहलवानों को सुरक्षा देने और नाबालिग को सुरक्षा देने के लिए उठाए गए कदमों का हलफनामा दायर करने के लिए भी कहा है।केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस मामले पर कहा "पिछली बार भी मैंने(पहलवानों से) मुलाकात की। उनसे बात कर समिति का गठन किया गया। उस समिति के सामने सभी को पेश होने का अवसर दिया गया। समिति में महिलाओं को ज्यादा तादाद में रखा गया क्योंकि महिला के सामने वो खुलकर अपनी बात रख सकती हैं। हमने निष्पक्ष चुनाव के लिए आईओए को अधिकार दे दिया, जिसने कल अपनी एक समिति गठित कर दी। ये समिति वहां पर चयन प्रक्रिया, टूर्नामेंट आयोजन और आंतरिक शिकायत समिति का गठन करेगी। सभी कदम उसी दिशा में हैं।"पहलवानों को फिल्म जगत से भी समर्थन मिल रहा है। अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने कहा "इन्हें आज न्याय नहीं मिला तो देर हो जाएगी, मेडल जीतने पर इनके साथ फोटो खिंचवाने वाले आज कहां हैं? गृह मंत्री व खेल मंत्री से निवेदन है कि इनकी बात सुनें। मैं इस देश की बेटी और आप और मेरे घर में बैठे हर बेटी और बहन की तरफ से बात कर रही हूं। हमारे देश की वह बेटियां जिन्होंने इस देश को मान सम्मान, कई मेडल दिलवाए हैं। वह बेटियां जंतर-मंतर पर बैठी हुई हैं। ऐसे देश में जहां पर महिलाओं को देवियों का दर्जा दिया गया है। वे न्याय की भीख मांग रही हैं। क्या यह सही है? गृहमंत्री और खेल मंत्री गुहार सुनिए। जब आप उनके साथ नहीं खड़े होंगे तो इस फील्ड में ही नहीं बल्कि बाकी खेलों में भी बेटी बचाओ के नारे देने का क्या मतलब रह जाता है।"पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने भी पहलवानों का समर्थन किया है। उन्होंने लिखा "बहुत दुःख की बात है की हमारे चैंपियंस, जिन्होंने देश का बड़ा नाम किया है , झंडा लहराया है , हम सबको इतनी खुशियां दी हैं, उन्हें आज सड़क पर आना पड़ा है। बड़ा संवेदनशील मामला है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

## मन की बात के पहले बड़ी सौगात, पीएम मोदी ने 18 राज्यों में 91 एफएम ट्रांसमीटर का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारत में रेडियो कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 91 एफएम ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 100 वॉट के इन ट्रांसमीटर्स की शुरुआत की। इन ट्रांसमीटर्स को 18 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों के 84 जिलों में स्थापित किया गया है।उन्होंने कहा कि आज ऑल इंडिया रेडियो की स्नरू सेवा का ये विस्तार ऑल इंडिया स्नरू बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऑल इंडिया रेडियो के 91 एफएम ट्रांसमिशन की ये शुरूआत देश के 85 ज़िलों के 2 करोड़ लोगों के लिए उपहार की तरह है। पीएम मोदी ने कहा कि अभी कुछ दिन बाद ही मैं रेडियो पर 'मन की बातइ का 100वां एपिसोड करने जा रहा हूं। 'मन की बातइ का ये अनुभव, देशवासियों से इस तरह का भावनात्मक जुड़ाव केवल रेडियो से ही संभव था। मैं इसके जरिए देशवासियों के सामर्थ्य से और सामूहिक कर्तव्यशक्ति से जुड़ा रहा।इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आकाशवाणी की एफएम सेवा का विस्तार 'अखिल भारतीय एफएमइ बनने की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है।

### बर्फबारी बढ़ा रही परेशानी

# अब साढ़े 11 बजे के बाद सोनप्रयाग से आगे नहीं भेजे जाएंगे श्रद्धालु

**रुद्रप्रयाग।** अब सोनप्रयाग से पूर्वाह्न 11.30 के बाद श्रद्धालुओं को पैदल मार्ग से केदारनाथ के लिए रवाना नहीं किया जाएगा। जबकि गौरीकुंड से दोपहर बाद एक बजे से आगे नहीं जाने दिया जाएगा। केदारनाथ में हो रही बारिश और बर्फबारी को देखते हुए प्रशासन ने फिलहाल यह निर्णय लिया है।



वहीं बृहस्पतिवार को रोके गए चार हजार और शुक्रवार सुबह यहां पहुंचे तीर्थयात्रियों कुल 13,429 को सुबह पांच सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम के लिए रवाना किया गया। इसके बाद उन्हीं यात्रियों को गौरीकुंड के लिए छोड़ा गया जिनके कमरे बुक हैं। वहीं धाम में शुक्रवार को भी आधे घंटे तक बर्फबारी हुई।

बीते 16 मार्च से केदारनाथ में पल-पल मौसम बदल रहा है और बर्फबारी हो रही है। शीतकाल की अपेक्षा बीते डेढ़ माह में यहां सबसे अधिक बर्फबारी हुई है। आए दिन खराब हो रहे मौसम के कारण बीते 25 अप्रैल से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा के संचालन में भी दिक्कतें आ रही हैं। शुक्रवार को धाम में सुबह से मौसम ठीक रहा लेकिन पूर्वाह्न 11 बजे के बाद बादल छाने लगे और बर्फबारी हुई जो लगभग आधा घंटे तक होती रही।

इधर, बृहस्पतिवार को सोनप्रयाग में करीब चार हजार तीर्थयात्री रोके गए थे। शुक्रवार सुबह पांच बजे तक सैकड़ों तीर्थयात्री भी यहां पहुंच गए जिस कारण यहां संख्या 13,429 हो गई। इसके बाद सभी तीर्थयात्रियों को सोनप्रयाग से धाम के लिए रवाना कर दिया गया। वहीं, पैदल मार्ग व धाम में पूरे दिनभर रौनक बनी रही। प्रशासन की ओर से मौसम को देखते हुए जंगलचट्टी, भीमबली और लिनचोली में भी और व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है।केदारनाथ में आए दिन हो रही बर्फबारी से बिजली, पानी व संचार सेवा बार-बार बाधित हो रही है, जिससे व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में दिक्कतें हो रही हैं। इसके बावजूद ऊर्जा निगम, जल संस्थान और बीएसएनएल की टीमें व्यवस्थाएं बनाने में जुटी हुई हैं। साथ ही धाम में पुख्ता इंतजाम करने के लिए प्रशासन व पुलिस को कई परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

केदारनाथ यात्रा के लिए गौरीकुंड से केदारनाथ तक करीब 10 हजार यात्रियों के रात्रि प्रवास की व्यवस्था की गई है। साथ ही अन्य निजी आवासीय भवनों में भी यात्रियों के रहने की व्यवस्था की जाएगी।मौसम को देखते हुए ही यात्री यात्रा का आने का कार्यक्रम बनाएं। अगर केदारनाथ में मौसम खराब रहता है तो वह अन्य धार्मिक व पर्यटक स्थलों की सैर करने के बाद ही वहां जाएं। मौसम को देखते हुए अभी कुछ दिन सोनप्रयाग से पूर्वाह्न 11.30 बजे के बाद यात्रियों को आगे नहीं जाने दिया जाएगा। जबकि गौरीकुंड से दोपहर बाद एक बजे से आगे यात्री नहीं भेजे जाएंगे। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो-तीन दिन भी बारिश व बर्फबारी का पूर्वानुमान है। इसलिए यात्री मौसम को देखते हुए ही यात्रा पर आने का प्लान बनाएं।

**— मयूर दीक्षित,**
**जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग।**

# ...तो इस दिन होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

### काशी के विद्वानों से मांगी गईं थी तीन शुभ तिथि

**अयोध्या, एजेंसी।** रामजन्मभूमि में निर्माणाधीन राममंदिर के भूतल का 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की भी तैयारी शुरू हो गई है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने काशी के विद्वानों से प्राण प्रतिष्ठा की तीन शुभ तिथि मांगी थीं। विद्वानों द्वारा 22 जनवरी की तिथि को शुभ बताया गया है।



श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की योजना है कि जनवरी 2024 तक रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भव्य गर्भगृह में कर दी जाए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त के लिए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने काशी के दिग्गज विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ से तीन मुहूर्त मांगे थे। 15 जनवरी से 25 जनवरी 2024 के भीतर यह मुहूर्त निकालने को कहा गया था। गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने 22 जनवरी 2024 का मुहूर्त निकाला है। इसके अलावा उन्होंने फरवरी में भी एक मुहूर्त निकालकर ट्रस्ट को बताया।

बताते चलें कि ज्योतिषविद् आचार्य गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने ही जन्मस्थान पर भगवान राम के भव्य मंदिर के शिलान्यास के लिए मुहूर्त निकाला था। इस मुहूर्त के समय ही पांच अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान रामलला के मंदिर की आधारशिला रखी थी। हालांकि ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने इन संबंध में कुछ भी बताने को इंकार किया है। ट्रस्टियों का कहना है कि देश भर के विद्वानों से राय ली जा रही है, सभी की सहमति से प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त तय किया जाएगा।

# जिला योजना के लिए 6875.34 लाख का परिव्यय अनुमोदित

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को वर्चुअल माध्यम से क्लेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना समिति की बैठक सपन्न हुई। बैठक में समिति द्वारा जिला योजना वर्ष 2023-24 हेतु जनपद के कुल परिव्यय 6875.34 लाख का विभागावार परिव्यय निर्धारण और कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों द्वारा रखे गए सुझाव पर परिचर्चा भी की गई। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री स्व. चंदन राम दास के निधन पर दो मिनट का मौन रखते हुए शोक व्यक्त किया गया।



प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिला योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित विकास कार्यों को गुणवत्ता एवं ईमानदारी के साथ कराना सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार ने इस बार सभी जिलों में जिला योजना का बजट भी बढ़ाया है। उन्होंने सभी जन प्रतिनिधियों, सदस्यों एवं अधिकारियों से कहा कि जिले को विकास पथ पर आगे ले जाने के लिए एकजुट होकर कार्य किए जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन प्रतिनिधियों के सुझाव एवं जन हित को ध्यान में रखते हुए अति आवश्यक योजनाओं की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए जिला योजना में समावेश किया जाए। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने प्रभारी मंत्री को विभागवार प्रस्तावित परिव्यय एवं कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि डीपीसी सदस्यों के सुझावों पर योजनाओं की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए जिला प्लान में शामिल किया गया है। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी विनय जोशी ने बताया कि जिला योजना वर्ष 2023-24 हेतु 6875.34 लाख का परिव्यय निर्धारित किया गया है, जिसमें 34.02 प्रतिशत चालू, बचनबद्व एवं मानदेय के लिए और 15 प्रतिशत का परिव्यय स्वरोजगार हेतु निर्धारित है। अवशेष 50.98 प्रतिशत धनराशि से नई योजनाओं पर व्यय की जानी है। जिला योजना के अन्तर्गत विभागवार परिव्यय एवं कार्ययोजना की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जिला योजना वर्ष 2023-24 के लिए लोक निर्माण विभाग को 575 लाख, पूल्ड आवास के लिए 240 लाख, पेयजल निगम को 195 लाख, पेयजल संस्थान को 419 लाख, वन विभाग को 101 लाख, उरेडा 150 लाख, लघु सिंचाई 546 लाख, एलोपैथिक 362 लाख, आयुर्वेद 108, होम्योपैथिक 25 लाख, सामुदायिक विकास 85 लाख, प्रारम्भिक शिक्षा 435 लाख, माध्यमिक शिक्षा 455 लाख, प्राविधिक शिक्षा 18 लाख, कृषि 453.70 लाख, उद्यान 493.73 लाख, पशुपालन 200 लाख, मत्स्य 120 लाख, दुग्ध विकास 62.32 लाख, सहकारिता 152 लाख, ग्रामीण लघु उद्योग 22 लाख, प्रादेशिक विकास दल 500 लाख, खेलकूद 113.50 लाख, पर्यटन 555 लाख, बाल विकास 128 लाख, संस्कृति 27 लाख, पंचायतराज 78 लाख, सूचना 14 लाख, अर्थ एवं संख्या 33 लाख, सेवायोजन 3 लाख, अनुसूचित जाति कल्याण 21 लाख समाज कल्याण 23 लाख का परिव्यय आवंटित किया गया है।

# नाराज अमितग्रामवासियों ने किया मेयर के खिलाफ प्रदर्शन



ऋषिकेश। अमितग्रामवासियों ने ऋषिकेश मेयर के खिलाफ हल्ला बोला है। वे लालपानी बीट में कूड़ाघर बनाने के निर्णय को लेकर नाराज हैं। चेताया कि क्षेत्र में अगर कूड़ाघर निर्माण करवाया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। शुक्रवार को अमितग्राम गुलरानी में कूड़ाघर विरोधी संयुक्त संघर्ष समिति ने ऋषिकेश मेयर का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बीती 26 अप्रैल को ऋषिकेश मेयर द्वारा नगर निगम प्रशासन व पुलिस विभाग की मीटिंग बुलाई गई थी, जिसमें निर्णय लिया गया था कि सोमवार 1 मई को लालपानी बीट अमितग्राम गुलरानी में प्रस्तावित कूड़ेघर का निर्माण आरंभ किया जाएगा। जबकि यहां आबादी क्षेत्र के समीप कूड़ाघर नहीं बनाने के लिए समिति 240 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रही है। कहा कि कूड़ाघर को आबादी क्षेत्र से 5 किमी दूर बनाया जाए और कूड़ेघर में जाने वाले वाहनों का रास्ता जंगलात रोड से परिवर्तित किया जाए। इस मामले में क्षेत्रीय विधायक व शहरी विकास मंत्री ने कूड़ाघर के लिए अन्य जगह को चयनित करने के निर्देश दिए हैं। बावजूद निगम के अधिकारी हठधर्मिता दिखाते हुए गुमानीवाला में ही कूड़ाघर बनवाने का प्रयास कह रहे है। पुतला दहन करने वालों में मानवेन्द्र कण्डारी, पुरुषोत्तम बडोनी, रणजीत थापा, ग्राम प्रधान दीपिका व्यास, लाल बोहरा, धर्म क्षेत्री, राजेन्द्र गुनसोला, नीतू, विजया, सुषमा, प्रेम रावत, सत्य रतूड़ी, यशोदा, राजमती, विनीता, कुंदन नेगी, सन्दीप कुड़ियाल, रमजान आदि उपस्थित रहे।



## डीजीपी अशोक कुमार ने की राज्यपाल से मुलाकात

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में डीजीपी अशोक कुमार ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को । इस पुस्तक में साइबर अपराधों को रोकने के उपायों और जागरूकता के बारे में बताया गया है।

## आर्य समाज मंदिर नत्थनपुर में हुआ वार्षिकोत्सव

देहरादून। आर्य समाज मंदिर नत्थनपुर के 41 वें वार्षिकोत्सव का वेदाचार्यों द्वारा यज्ञ के साथ शुभारंभ हुआ। तीन दिनी कार्यक्रम में शुक्रवार को भजन उपदेश व बाल प्रतियोगिताएं भी की गई। वैदिक प्रचारक व संरक्षक पं. उम्मेद सिंह विशारद ने बताया कि दूसरे दिन शनिवार को यज्ञ, भजन, उपदेश व ध्वजारोहण के कार्यक्रम होंगे। शाम को प्रतियोगिताओं के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। रविवार को यज्ञ, भजन उपदेश, अतिथियों का सम्मान समारोह के बाद ऋषिलंगर भण्डारा होगा। तीन दिनी वार्षिकोत्सव में यज्ञ पं वेदवशु शास्त्री, उपदेश आचार्य धनन्जय गुरूकुल पौंधा देहरादून, पीयूष शास्त्री, राजाराम शास्त्री द्वारा किए जायेंगे।

## आईएचएम देहरादून के प्रधानाचार्य डॉ0 जगदीप खन्ना व एचओडी फूड प्रोडक्शन मनीष भारती ने की राज्यपाल से भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में आईएचएम देहरादून के प्रधानाचार्य डॉ0 जगदीप खन्ना व एचओडी फूड प्रोडक्शन मनीष भारती ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को संस्थान द्वारा मिलेट्स पर किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण दिया।


उन्होंने उगाए जाने वाले प्रमुख मिलेट्स, उनकी उपयोगिता व आईएचएम द्वारा मिलेट्स से बनाए जा रहे विभिन्न प्रकार के खाद्य उत्पादों के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि ''मिलेट्स' जिसे हम मोटा अनाज भी कहते हैं, पौष्टिकता से भरपूर होने के साथ–साथ स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद भी हैं। कोरोना के बाद सभी लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग हो गए हैं और वे मिलेट्स खाद्य पदार्थों को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिलेट्स एक पौष्टिक और स्वादिष्ट सुपर भोजन है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में मिलेट्स अनाज के उत्पादन की अच्छी संभावनाएं हैं, इसे आगे बढ़ाने के विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि संस्थान मिलेट्स को आगे बढ़ाने के साथ–साथ लोगों को इससे होने वाले फायदों के बारे में बतायें।

## एक नजर

### गुरुग्राम के युवक का शव बरामद

ऋषिकेश। शिवपुरी क्षेत्र में नमामि गंगे घाट पर छह दिन पहले गंगा में बहे गुरुग्राम के युवक का शव एसडीआरएफ ने बरामद कर लिया है। परिजनों की शिनाख्त के बाद शव मुनिकीरेती पुलिस के सुपुर्द किया गया है। पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक उमेश (25) पुत्र अनिल यादव, निवासी ग्राम कलवाड़ी, गुरुग्राम हरियाणा चार दोस्तों के साथ मुनिकीरेती क्षेत्र में घूमने पहुंचा था। 22 अप्रैल को शिवपुरी स्थित नमामि गंगे घाट पर गंगा में नहाते हुए अचानक तेज प्रवाह की चपेट में आकर बह गया,

## बद्रीनाथ धाम में स्वच्छता के लिए आगे आए आईटीबीपी के जवान



देहरादून। उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा के आरम्भ के साथ ही आईटीबीपी द्वारा श्री बद्रीनाथ धाम एवं इसके आस–पास स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। आईटीबीपी के जवानों द्वारा बद्रीनाथ मंदिर के निकट पहाड़ियों व जलस्त्रोतों को स्वच्छ रखने हेतु अभियान चलाया गया है। गुरूवार को श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर आईटीबीपी के जवानों द्वारा श्री बद्रीनाथ मंदिर के निकट दुर्गम पहाड़ी पर रैपलिंग करते हुए यात्रियों द्वारा फेंके गए कूड़े को हटाया गया। आईटीबीपी द्वारा यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा। प्रशासन ने भी आईटीबीपी के जवानों के इस स्वच्छता अभियान की प्रशंसा की। इससे चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय लोगों को धामों व चारधाम यात्रा मार्ग पर स्वच्छता बनाए रखने की प्रेरणा मिलेगी। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी आईटीबीपी के जवानों को श्री बद्रीनाथ धाम में स्वच्छता अभियान संचालित करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## बल्लूपुर में चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन

देहरादून। दून की पहली व्यवसायिक चित्रकला गैलरी चित्रा इंटरनेशनल में पांच मई तक चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। अपनी चित्रकला के अपने जुनून को सार्थक करने के लिए इसके संस्थापक अरविंद गैरोला ने नौकरी छोड़कर अल्कापुरी बल्लुपुर में आर्ट गैलरी स्थापित करने के अपने सपने को पूरा किया है। उन्होंने बताया कि आर्ट गैलरी में 55 देशों के कलाकारों का समन्वय है। उड़ीसा के कला निर्वाण इंटरनेशनल के सौजन्य से इसे स्थापित किया गया है। कला निर्वाण के संस्थापक आशीष पाही इस कला प्रस्तुति के क्यूरेटर भी हैं। उन्हें इस क्षेत्र में 15 साल का अनुभव है।

## फार्मासिस्टों ने दिया सीएमओ कार्यालय पर धरना

देहरादून। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले जनपद शाखा देहरादून की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय चंदरनगर में धरना दिया गया।

जिलाध्यक्ष चंद्र मोहन राणा ने कहा कि प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर प्रदेशभर में धरना दिया जा रहा है।

इस दौरान जिला मंत्री उर्मिला द्विवेदी, प्रान्तीय उपाध्यक्ष सीएल भट्ट, डीपीओ ड़ीएस नेगी, जेएस चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष सुधा कुकरेती, बिक्रम सिंह पंवार, सुमन नेगी,, रामराज बंगरी,हितेंद्र नेगी, जीएस थलवाल, आशाराम थपलियाल, राजेश जोशी, भुवन जोशी, मनोज बहुगुणा, दीपमाला, कुन्दन लाल नॉटियाल, सीपी उनियाल, रचना बडोनी,, अशोक पांडे, कमल मेहता, शशिधर अमोली आदि मौजूद है।

**ये हैं मांगे**

आईपीएचएस मानक में कम हो रहे पदों में पदों में बढ़ोतरी

अस्थगित 63 पद क्रियाशील किया जाना है

सेवा नियमावली,कॉउंसिल का गठन

पदनाम परिवर्तन, चिकित्सा शिक्षा विभाग में गये 119 पदों पर पद स्थापना के लिए फार्मसिस्टों के विकल्प के लिए शासनादेश जारी हो

10 वर्ष की सेवा पर पहली एसीपी

2004 के बाद के फार्मसिस्टों को पुरानी पेशन का लाभ दिया जाए


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु0) | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु0) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 35/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 ABSS के लिए विद्युत कार्यः मुरादाबाद मंडल में अमृत भारत स्टेशनों के लिए लिफ्ट और एस्केलेटर के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य। | 7941782.93 (जीएसटी सहित) | 158800.00 | 5 (पाँच) माह | निविदायें दिनांक 22.05.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। |
| 2. | 34/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 संशोधित ABSS के लिए विद्युत कार्यः अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के अमरोहा, चंदौसी, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, बुलंदशहर, हरदोई, हर्रावाला, रुड़की, कोटद्वार, नगीना, सिओहरा, गजरौला, नजीबाबाद, शाहजहांपुर और रामपुर स्टेशन का उन्नयन (साइनेंज बोर्ड)। | 15790113.85 (जीएसटी सहित) | 229000.00 | 5 (पाँच) माह | निविदायें दिनांक 22.05.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। |

कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है: विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे,मुरादाबाद

वेबसाइट एवम् कार्यालय का पता: वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादबाद।

निविदा सूचना सं0: 19/2023 दिनांक: 28.04.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1288/23



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई टेन्डर जिसके बन्द होने की तिथि 23.05.2023 है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 32-DRM-MB-23-24 27.04.2023 | 33-DRM-MB-23-24 27.04.2023 | 34-DRM-MB-23-24 27.04.2023 | 35-DRM-MB-23-24 27.04.2023 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Through bridge channel sleeper renewal by H-Beam sleeper 1163 nos. (Br. No. 1251 DN - 101 Nos, 1254 DN - 64 Nos, 1255 DN - 63 Nos, 1258 DN - 137 Nos, 1258 UP - 137 Nos and 1259 UP - 661 Nos) in the section of ADEN/RK under DEN-I/MB. | Construction of 5 nos. type - IV quarter for newly created post of ADEN/HW, ASC/HW, ADME/HW, Station Director/HW and ADSTE/HW under ADEN/HW. | Updating reconciling, certification and computerisation of Land Plan for OGS School areas, station yards and colonies in the section of DEN/I/MB. | Provision of RPF Barrack of 10 Beds at Roorkee in the section of SSE/W/RK under ADEN/RK. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 23/05/2023 16:00 | 23/05/2023 16:00 | 23/05/2023 16:00 | 23/05/2023 16:00 |
| अनुमानित लागत | 39024946.91 | 18045705.91 | 2382507.16 | 1924632.80 |
| धरोहर राशि | 345100.00 | 240200.00 | 47700.00 | 38500.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 09/05/2023 | 09/05/2023 | 09/05/2023 | 09/05/2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 9 माह | 18 माह | 3 माह | 6 माह |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 28.04.2023 1285/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## मुनिकीरेती में अतिक्रमण पर चली जेसीबी

ऋषिकेश। जानकी सेतु के आसपास के फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर पालिका प्रशासन क्षेत्र में लगातार कार्रवाई करने में जुटी है। शुक्रवार को पुल के पास वैकल्पिक मार्ग पर बने टीनशेड के अस्थायी गोदाम को जेसीबी से हटाया गया। अचानक हुई कार्रवाई से अन्य अतिक्रमणकारियों में भी हड़कंप की स्थिति नजर आई। पीडब्ल्यूडी और नगरपालिका की संयुक्त कार्रवाई के दौरान पुलिसकर्मी भी मौके पर मौजूद रहे।

अधिशासी अधिकारी तनवीर सिंह मारवाह ने बताया कि जी–20 शिखर सम्मेलन और चारधाम यात्रा के मद्देनजर क्षेत्र में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है।

## पांचवी एशियन यूथ एथलेटिक्स में राज्य के तीन एथलीटों ने बढ़ाया मान




देहरादून।ताशकंद उज्बेकिस्तान में आयोजित पांचवी एशियन यूथ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्तराखंड के तीन एथलीटों ने एक गोल्ड, एक सिल्वर व एक ब्रांज मैडल जीतकर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है।

1500 मीटर रेस में स्पोर्ट्स कालेज के प्रियांशु ने 3 मिनट 57.37 सेकेंड के साथ गोल्ड मेडल और स्पोर्ट्स कालेज में ही प्रैक्टिस कर रहे हरिद्वार के राहुल सरनालिया ने 3 मिनट 59.43 सेकेंड के साथ सिल्वर मैडल प्राप्त किया।

दोनों एथलीटों के कोच स्पोर्ट्स कालेज के लोकेश कुमार हैं। राहुल ने एथलेटिक्स की शुरूआत एसटीसी काशीपुर में चंदन सिंह नेगी से प्रशिक्षण प्राप्त करके की। 10 हजार मीटर रेस वॉक में कारबारी देहरादून के बबेन्द्र सिंह ने 43 मिनट 16.95 सेकेंड के समय के साथ ब्रांज मेडल जीता।

कारबारी ग्रांट के ही हिमांशु कुमार ने 43 मिनट 59.60 सेकेंड के समय के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। इन दोनों एथलीटों के प्रशिक्षक कारबारी के प्रवीण पुरोहित हैं। इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड के चार एथलीटों ने हिस्सा लिया। चारों एथलीट व उनके प्रशिक्षकों को उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ अध्यक्ष संदीप शर्मा, सचिव केजेएस कलसी, ओलंपियन मनीष रावत, एमसी शाह, गुरुफूल सिंह, गुरमीत सिंह, मनीष भट्ट, चंदन सिंह, रविन्द्र रौतेला, पंकज डिमरी ने शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है।

# यूथ—20 सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में युवा कार्यक्रम और खेल, मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत 05 मई, 2023 को एम्स, ऋषिकेश में आयोजित होने वाले यूथ–20(ल्वनजी–20), जो कि भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी–20 सम्मेलन का हिस्सा है, की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान बताया गया कि ल्–20 इण्डिया शिखर सम्मेलन में देश के सभी राज्यों सहित विश्वभर के युवा प्रतिभाग करेंगे।

मुख्य सचिव ने कहा कि यह सम्मेलन उत्तराखण्ड में आयोजित हो रहा है। इसे देश और प्रदेश की छवि को दुनियाभर में प्रस्तुत करने का अवसर के तौर पर देखा जाना चाहिए। उत्तराखण्ड एक पर्यटन प्रदेश होने के नाते हमें प्रदेश की प्राकृतिक और सांस्कृतिक सुन्दरता को देश और विदेश तक पहुंचाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों का स्वागत और रहने आदि की व्यवस्था उचित प्रकार से की जानी चाहिए। देश और विदेश से आने वाले सभी प्रतिभागियों को एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डों में हेल्प डेस्क उपलब्ध करायी जाए, ताकि उन्हें कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो।

## नयार नदी में डूबने से व्यक्ति की मौत

जयन्त प्रतिनिधि

**सतपुली** : नयार नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष सतपुली लाखन सिंह ने बताया कि कल्जीखाल ब्लाक के ग्राम अमेली निवासी संतोष कुमार (49) पुत्र दाताराम का शव शुक्रवार सुबह बांघाट कस्बे में नयार नदी में तैरता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची सतपुली पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर सतपुली चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने सुबह सवेरे मृतक को बांघाट कस्बे में घूमते देखा था। कयास लगाए जा रहे हैं कि मृतक नदी में शौच आदि के लिए गया, और पांव फिसलने से गहरे पानी में डूब गया। परिजनों ने मामले में कोई तहरीर नहीं दी है।

## दिशा की बैठक 1 मई

**पौड़ी** : आगामी 1 मई को विकास भवन सभागार में सांसद गढ़वाल एवं अध्यक्ष जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक प्रस्तावित है। मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे ने सभी विभागीय अधिकारियों को पूर्ण तैयारी के साथ उक्त बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिये है।

# पहाड़ में शिक्षा का दीप जलायेगी 'यु कनु रिश्ता' फिल्म : पदमेंद्र

**- पूर्व मुख्यंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक के उपन्यास पर बनी है फिल्म**
**- सतपुली पट्टी असवालस्यूं के रिगवाड़ गांव निवासी पदमेंद्र ने निभाया मुख्य किरदार**

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक के उपन्यास पर बनी फिल्म 'यु कनु रिश्ता' का शुक्रवार से कोटद्वार के के-प्राईड मॉल स्थित सिनेमाघर में प्रसारण शुरू हो गया है। पहले दिन फिल्म देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे सतपुली पट्टी असवालस्यूं के रिगवाड़ गांव निवासी पदमेंद्र सिंह रावत ने बताया कि यह फिल्म बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के साथ पहाड़ में शिक्षा का प्रकाश फैलाएगी। पदमेंद्र इससे पूर्व भी कई गढ़वाली फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं।



कोटद्वार में प्रसारित फिल्म में शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंचे पदमेंद्र व अन्य कालाकार ।

शुक्रवार को फिल्म का प्रसारण किया गया। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे रिगवाड़ गांव निवासी पदमेंद्र सिंह रावत ने कहा कि यह फिल्म उत्तराखंड के परिवेश, संस्कृति व सांस्कृतिक धरोहर को देश-विदेश में प्रचारित-प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। फिल्म साध्य रोग से पीड़ित एक छात्रा के उपचार के लिए संघर्ष व सीमा पर बलिदान देने वाले एक बलिदानी के परिवार की कथा पर आधारित है। कहा कि यह फिल्म नारी सशक्तीकरण और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के साथ ही उत्तराखंड की महान सैन्य परंपरा को दर्शाती है। फिल्म में शिक्षिका के रूप में मुख्य रोल निभा रही अंकिता परिहार व राजेश नौगांई ने बताया कि फिल्म में पहाड़ के मनमोहक दृश्यों को भी दिखाया गया है।

### दिल्ली पुलिस में एएसपी हैं पदमेंद्र

पट्टी असवालस्यूं के रिगवाड़ गांव निवासी पदमेंद्र सिंह रावत दिल्ली पुलिस में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात है। दिल्ली में रहते हुए भी वह अपने उत्तराखंड की संस्कृति व सभ्यता के प्रचार-प्रसार के लिए लगातार अपना योगदान दे रहे हैं। इससे पूर्व पदमेंद्र फिल्म भंवरे व टीवी सीरियल क्राइम पेट्रोल, एयरलाइंस के साथ ही दस से अधिक गढ़वाली फिल्मों में काम कर चुके हैं। फिल्म 'यु कनु रिश्ता' में पदमेंद्र के रोल को दर्शकों ने काफी सराहा।

## मानसखण्ड झांकी आज कोटद्वार में होगी प्रदर्शित

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : गणतंत्र दिवस परेड, 2023 में पूरे देश में प्रथम स्थान पर रही उत्तराखंड राज्य की झांकी 'मानसखण्ड' जनपद पौड़ी के कोटद्वार, दुगड्डा, द्वारीखाल, यमकेश्वर, जयहरीखाल, एकेश्वर, सतपुली, पोखड़ा, रिखणीखाल, नैनीडांडा, बीरोंखाल, थलीसैंण, पाबौ, खिर्सू, कल्जीखाल, कोट, पौड़ी व श्रीनगर में शनिवार 29 अप्रैल से 2 मई तक प्रदर्शित की जायेगी। शनिवार को झांकी का कोटद्वार से जनपद में आगमन होगा।

विदित है कि गणतंत्र दिवस परेड 2023 में उत्तराखंड की 'मानसखण्ड झांकी' ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जो राज्य गठन के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। इस झांकी से एक ओर उत्तराखंड के वासी अपने इतिहास और संस्कृति से प्रेरणा ले पायेंगे, दूसरी ओर वन, वन्यजीव, पर्यावरण, प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूकता भी होंगे। इस 'मानसखण्ड झांकी' को 5 अप्रैल को मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा मुख्यमंत्री आवास देहरादून से रवाना किया गया है। तत्पश्चात यह झांकी 5 अप्रैल से 18 मई तक प्रदेश के सभी जनपदों में प्रदर्शित की जा रही है।

# यातायात नियमों में डाला खलल तो होगी कार्रवाई

**एएसपी शेखर चंद्र सुयाल ने ली ई-रिक्शा संचालकों की बैठक**



कोटद्वार कोतवाली में ई-रिक्शा संचालकों की बैठक लेते अपर पुलिस अधीक्षक

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चंद्र सुयाल ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में यातायात में सबसे अधिक बाधा ई-रिक्शा संचालक पहुंचा रहे हैं। कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शुक्रवार को कोतवाली में ई-रिक्शा संचालकों की बैठक लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि शहर में ई–रिक्शा संचालन के लिए रूट तय किए गए हैं। बावजूद कुछ ई–रिक्शा चालक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। ऐसे में शहर की सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। कहा कि ई–रिक्शा निर्धारित रूट से ही संचालित किया जाएगा। चालक ई–रिक्शा में क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं। ई–रिक्शा को सड़क के बजाय अपने स्टैंड पर ही खड़ा करें। ई–रिक्शा के आगे व पीछे नंबर को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें। उन्होंने ई–रिक्शा चालकों को प्रत्येक रूट पर मुंशी भी नियुक्त करने के निर्देश दिए। कहा कि इससे व्यवस्थाओं में सुधार किया जा सकता है। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग पर धधका जंगल



कोटद्वार क्षेत्र के अंतर्गत लालढांग–चिलरखाल वन मोटर मार्ग पर जंगल में लगी आग को बुझाने में जुटे दमकल व वन विभाग के कर्मी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : लगातार बढ़ रही गर्मी का असर जंगलों पर भी देखने को मिल रहा है। चढ़ रहे पारे के कारण जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी है। लालढांग–चिल्लरखाल मोटर मार्ग पर जंगल में लगी आग से सैकड़ों क्षेत्र में फैली वन संपदा जल कर खाक हो गई। दमकल व वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

गुरुवार शाम लक्ष्मणझूला से अग्निशमन अधिकारी सुरेश चंद कोटद्वार वापस लौट रहे थे। इसी दौरान उन्हें लालढांग–चिल्लरखाल मोटर मार्ग पर उन्हें जंगल में आग की लपटें निकलती हुई दिखाई दी। घटना की सूचना उन्होंने फोन पर तुरंत कोटद्वार में दमकल टीम को दी। मौके पर पहुंची दमकल व वन विभाग की टीम ने करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया। इसके उपरांत दमकल व वन विभाग की ओर से आमजन को जंगलों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कहा कि जंगलों को आग से बचाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। कहीं भी आग की घटना होने पर तुरंत दमकल व अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दे।

## पूर्व काबीना मंत्री चंदन राम दास को दी श्रद्धांजलि

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : भारतीय जनता पार्टी व गढ़वाल मोटर ओनर्स यूनियन लिमिटेड की ओर से पूर्व काबीना मंत्री स्व. चंदन राम दास को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा शांति की लिए प्रार्थना की गई।

शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर चंदन राम दास की आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की। कहा कि प्रदेश के समाज कल्याण एवं परिवहन मंत्री रहते हुए चंदन राम दास ने बेहतर कार्य किया। भाजपा संगठन की मजबूती के लिए दिया गया उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर स्व. चंदन राम दास के विचारों को आगे बढ़ाना होगा। शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, हरि सिंह पुंडीर, प्रेमा खंतवाल, महेश जुगरान, सुरमान सिंह रावत, उमेश बिष्ट, मनमोहन द्विवेदी, शुभम कंडवाल, महिपाल सिंह रावत, पूनम भंडारी, रेखा सुंदरियाल, संजू द्विवेदी, प्रेम सिंह नेगी, गजेंद्र मोहन धस्माना आदि मौजूद रहे। वहीं, गढ़वाल मोटर ओनर्स यूनियन लिमिटेड की ओर से पूर्व काबीना मंत्री स्व. चंदन राम दास को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जीएमओयू के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा जीएमओयू परिवार चंदन दास राम के परिवार के साथ खड़ा है।

# शहर की समस्याओं पर जताया रोष, नागरिक मंच ने शुरू किया धरना

**समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर दो मई को रेल रोको आंदोलन की दी चेतावनी**

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर शुक्रवार से नागरिक मंच ने तीन दिवसीय धरना शुरू कर दिया है। समसस्याओं का निराकरण नहीं होने पर मंच ने दो मई को रेल रोका आंदोलन भी चलाने की चेतावनी दी है। इस दौरान विभिन्न संगठनों ने मंच को अपना समर्थन दिया।

मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी व महासचिव अतुल भट्ट के नेतृत्व में सदस्यों ने तहसील परिसर में धरना दिया। वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार विधान सभा विकास कार्यों में पिछड़ती जा रही है। विकास कार्यों को लेकर राजनैतिक दलों के चुनावी वायदे धरातल पर नजर नहीं आ रहे हैं, यही कारण है कि मंच को धरना देने पर मजबूर होना पड़ा। कहा कि कोटद्वार विधान सभा के विकास के नाम पर कोटद्वार को जिला बनाने, क्षेत्र में मेडिकल कालेज की स्थापना करने व



कोटद्वार तहसील में धरना देते नागरिक मंच के सदस्य

कण्वाश्रम को पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की घोषणाएं की गई थी, लेकिन धरातल पर एक भी घोषणा का क्रियान्वयन नजर नहीं आ रहा है। वहीं मोटर नगर में प्रस्तावित आधुनिक बस अड्डा निर्माण, आबादी के बीच संचालित होता ट्रंचिंग ग्राउंड व सीवर ट्रीटमेंट सहित कई अन्य समस्याएं हैं, जिनका निस्तारण आवश्यक है। कहा कि मंच की ओर से समय–समय पर इन समस्याओं को उठाने के बाद भी शासन-प्रशासन की ओर से निस्तारण के प्रयास नहीं किए गए, इसलिए मंच की ओर से धरना देने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक नागेंद्र उनियाल, वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष पीएल खंतवाल, ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच के अध्यक्ष प्रवेश नवानी, गोविंद डंडरियाल, महावीर सिंह रावत, राकेश अग्रवाल, विजय माहेश्वरी, कांत नौगाई, सत्यप्रकाश थपलियाल, नरेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# छात्र–छात्राओं को नशे से बचने के तरीके बताए

**पौड़ी** : राजकीय महाविद्यालय पाबौ में एंटी ड्रग्स प्रकोष्ठ के तहत छात्र-छात्राओं के लिए काउंसलिंग का आयोजन किया गया। वहीं, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में एंटी ड्रग्स सेल के तत्वावधान में ड्रग फ्री कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डा. दुदुन मेहता प्राध्यापक जंतु विज्ञान ने ड्रग्स के प्रकार, मानव मस्तिष्क पर उनके दुष्प्रभाव की जानकारी दी। काउंसलिंग में चौकी प्रभारी पाबौ ने छात्र-छात्राओं को नशे की लत से बचने की जानकारी दी। साथ ही बताया कि उत्तराखंड जैसे राज्य में पर्यटन के नाम पर कैसे नशाखोरी बढ़ती जा रही है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वह अपने आसपास कहीं भी इसमें लिप्त अन्य लोगों को भी पाए तो तुरंत पुलिस विभाग को सूचना दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्य प्रकाश शर्मा ने नशे की लत लगने के कारणों, होने वाली आर्थिक, सामाजिक, शारीरिक मानसिक समस्याओं से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमें खेलकूद में हिस्सा लेना चाहिए। इससे हम अपने परिवार और देश का नाम भी रोशन कर सकते हैं। इससे हम नशे आदि से भी दूर रह सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन एंट्री ड्रग्स सेल की नोडल अधिकारी डा. तनुजा रावत ने किया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डा. रेनू रानी बंसल ने कहा कि अगर हमारी दृढ़ इच्छाशक्ति मजबूत होगी तो कोई भी नशा हमें अपनी ओर नहीं खीच सकता है। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डा. विकास प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर नोडल अधिकारी डा. विवेक रावत, डा. छाया सिंह, डा. निर्मला रावत, डा. सुधीर सिंह रावत, डा. अराधना सिंह, डा. नीरज असवाल, डा. गिरीश चंद्र आर्य, डा.मीनू बुटोला, डा. विनोद कुमार, धर्मेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# 90 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य पूर्ण

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य शुक्रवार को 14वें दिन भी जारी रहा। अब तक नब्बे प्रतिशत से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूर्ण हो चुका है।

राइंका कोटद्वार स्थित केंद्र पर 15 अप्रैल से मूल्यांकन कार्य चल रहा है। करीब 250 से भी अधिक परीक्षक व अंकेक्षक मूल्यांकन कार्य में जुटे हैं। मूल्यांकन केंद्र पर हाई स्कूल व इंटर की कुल 75611 उत्तर पुस्तिकाओं में से अब तक 72221 (90 प्रतिशत) उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूर्ण हो चुका है। शुक्रवार को नियंत्रक व मुख्य शिक्षा अधिकारी आनंद भारद्वाज ने राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार के मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की जानकारी जुटाई। इस दौरान पर्यवेक्षक रविंद्र सिंह रावत, उप नियंत्रक मुकेश रावत, सह उप नियंत्रक दीपक नौटियाल, शैलेंद्र पांथरी, डा. पदमेश बुडाकोटी, मनमोहन सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।



राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में सेंटर का निरीक्षण करते अधिकारी

## अनियंत्रित होकर पलटा वाहन, चालक सहित तीन घायल

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : पौड़ी-श्रीनगर राजमार्ग पर गडोली के समीप एक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गया। दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार जिला अस्पताल पौड़ी में चल रहा है।

शुक्रवार को पौड़ी-श्रीनगर राजमार्ग पर सुबह करीब छः बजे एक वाहन देहरादून से श्रीनगर होते हुए पौड़ी आ रहा था। जो गडोली के समीप अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गया। जहां पहले से ही खड़ी एक कार से जा टकराया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व राजस्व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दुर्घटनाग्रस्त टाटा सूमो से घायलो को निकाल 108 के माध्यम से जिला अस्पताल पौड़ी भेजे गए। नायब तहसीलदार पौड़ी हरेंद्र खत्री ने बताया कि वाहन देहरादून से अखबार लेकर पौड़ी आ रहा था। वाहन में चार लोग सवार थे, जिनमें एक व्यक्ति सुरक्षित है। जबकि तीन को हल्की चोटें आई हैं। बताया कि टाटा सूमो दुर्घटना में एजाज निवासी लोअर बाजार पौड़ी, आशीष नेगी निवासी नानसू गांव ब्लाक कल्जीखाल और अमन सजवाण (चालक) निवासी पौड़ी गांव को हल्की चोटें आई हैं। बताया कि तीनों घायलों का उपचार जिला अस्पताल पौड़ी में चल रहा है।

# वाद विवाद प्रतियोगिता में ईशा रही अव्वल

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बीजेएमसी विभाग की समन्वयक प्रोफेसर प्रीति रानी ने वर्ष भर में आयोजित विभागीय गतिविधियों के बारे में बताते हुए पुरस्कार पाने वाले छात्र–छात्राओं को बधाई प्रेषित की। वाद विवाद प्रतियोगिता में ईशा बिष्ट ने प्रथम, तनीषा जोशी ने द्वितीय, स्वाति गुसाईं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में ईशा बिष्ट ने प्रथम, स्वाति गुसाई ने द्वितीय और आशीष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में निबंध प्रतियोगिता में सुजल वर्मा ने प्रथम, माही बंसल ने द्वितीय तथा शुभम बडोला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विभाग में विभागीय परिषद के अध्यक्ष पद के लिए हरबुचन सिंह, उपाध्यक्ष पद के लिए एकता रावत, कोषाध्यक्ष पद के लिए स्वर्णिम खंतवाल, सचिव पद के लिए माही बंसल, सह सचिव पद के लिए आशीष कुमार को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर बीजेएमसी विभाग के प्राध्यापक अनुपम भारद्वाज, चक्रधर कंडवाल, प्रीति रानी, अंशिका बंसल उपस्थित रहे।



महाविद्यालय में अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करती प्राचार्य जानकी पंवार

## वीडियो वायरल, डीईओ ने दिए जांच के आदेश


जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : जिले में एक बार फिर सरकारी स्कूल के शिक्षक का नशे में स्कूल पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विभाग ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

नैनीडांडा ब्लाक के एक सरकारी स्कूल के एक शिक्षक के शराब के नशे में स्कूल में पहुंचने का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए डीईओ बेसिक डा. शिवपूजन सिंह ने उपशिक्षाधिकारी नैनीडांडा को मामले की जांच के निर्देश दिए है। शिक्षक के शराब के नशे में आने का वीडियो वायरल हुआ है। जिसका संज्ञान लेते हुए उपशिक्षाधिकारी नैनीडांडा को तत्काल जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है। इससे पूर्व बीरोंखाल के एक स्कूल में भी शिक्षक के नशे में आने का वीडियो वायरल हुआ था। जिस पर शिक्षा विभाग ने इस प्रकरण को अनिवार्य सेवानिवृत समिति को भेज दिया था।

# निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

हल्द्वानी। कांग्रेस ने शहर के निजी स्कूलों पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट व प्रदेश महासचिव राजेंद्र सुयाल की अगुवाई में शुक्रवार को कांग्रेसियों ने एसडीएम कोर्ट में प्रदर्शन कर विरोध जताया। साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के माध्यम से सीएम को शिकायती पत्र भी भेजा। कांग्रेस ने मांग की कि, निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। जो स्कूल कॉपी–किताब, ड्रेस आदि खरीदने के लिए दुकानों में कमीशनखोरी करते हैं उनपर प्रतिबंध लगाया जाना बेहद जरूरी है। आरोप लगाया कि अधिकांश



निजी स्कूल मनमाने तरीके से नर्सरी से लेकर 12वीं तक के बच्चों को महंगी कॉपी–किताबें खरीदने को मजबूर कर रहे हैं। जबकि, सरकार ने एनसीईआरटी की किताबों से ही पढ़ाई कराने को कहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीएम से निजी स्कूलों की फीस भी निर्धारित करने को कहा। चेताया कि यदि अभिभावकों का शोषण न रुका तो कांग्रेस अभिभावकों को साथ लेकर प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। प्रदर्शन करने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस शशि वर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू, देवेश तिवारी, दीपक पांडे, अलका साह, वीरेंद्र नेगी, राजकुमार यादव, नोयल मैसी, राजेश वर्मा, पीयूष पंत, सुभाष अधिकारी, मनमोहन नगरकोटी, शाहनवाज मलिक, सूरज कुमार आदि रहे।

## अपनी मांगों को लेकर डटे रहे उपनल कर्मी

बागेश्वर। स्वास्थ्य विभाग में कोविड काल के दौरान तैनात उपनल कर्मचारियों ने शुक्रवार को भी कलक्ट्रेट में धरना दिया। उन्होंने सेवा अवधि बढ़ाने की मांग की।

वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने उन्हें कोरोना काल में जो भी जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने उसे पूरी सिद्दत के साथ पूरा किया, लेकिन अब सरकार उन्हें बाहर का रास्ता दिखाने का काम कर रही है। इस मौके पर दीपू कन्नौजिया, अमरजीत, अंकित कुमार, सुनील कुमार, पंकज कुमार, महेश, दीपा देवी, रोहित, रीतू कन्नौजिया, पूजा, सीता देवी, विक्रम सिंह, दिनेश कुमार आदि रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली पर निर्णय नहीं तो होगा रेल का चक्का जामः चतुर्वेदी

हल्द्वानी। एनई रेलवे मजदूर यूनियन (नरमू) के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि इस साल के अंत तक यदि रेल कर्मियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह रेल का चक्का जाम करने को मजबूर होंगे। शुक्रवार को नरमू के अध्यक्ष ने भोजीपुरा से लेकर काठगोदाम तक का दौरा किया। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों की समस्याओं सुना। कर्मचारियों ने बताया कि मंडल चिकित्सालय में दवाइयां नहीं मिलने, डॉक्टरों के समय से अस्पताल में नहीं बैठने, रजिस्ट्रेशन के लिए लंबी लाइन लगाने, अस्पताल में नेट कनेक्टिविटी सही नहीं होने से मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आवासों का बेहतर रखरखाव भी नहीं हो रहा। नरमू अध्यक्ष ने कर्मचारियों के साथ बैठक कर समस्याओं के समाधान को एकजुट होकर संघर्ष का आह्वान किया। कहा कि आजादी के आंदोलन से लेकर अब तक रेलवे मजदूर यूनियन के संघर्ष का लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने कार्मिकों का आह्वान किया कि वह पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन के लिए भी निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार रहें। यदि 2023 के अंत तक सरकार ने कर्मचारियों की मांगे नहीं मानी तो एआईआरएफ रेल का चक्का जाम करने से परहेज नहीं करेगा। पेंशन बहाली को लेकर संगठन मानसून सत्र में संसद परिसर में एक बड़ा प्रदर्शन करेगा। इस प्रदर्शन में एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा के आह्वान पर रेलवे के 12 लाख कर्मचारी अपनी हर कुर्बानी देने को तैयार रहें। बताया कि 15 मई को बनारस में एआ-ईआरएफ व नरमू की एक बड़ी बैठक की जाएगी। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बड़ा निर्णय होगा। बैठक में राम कुमार वर्मा , महेन्द्र कुमार चौधरी, चयन राय, मनोज कुमार सिंह, राजीव सक्सेना, अभिषेक सिन्हा, सुनील कुमार, राम अवतार, सुरेन्द्र कुमार, राज कुमारी सैनी, मलखान, अमित कश्यप, रोहन, कमलेश कुमार, ब्रज मोहन, कुमार राय, गोविन्द बिष्ट, जय प्रकाश सिंह, मनोज कुमार, शारस्वत सुयाल, मोहम्मद युनुस, जितेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में केबल कारोबारी की मौत

हल्द्वानी। शहर के एक केबल कारोबारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में युवक के दो साथी मामूली रूप से घायल हुए हैं।

युवा कारोबारी की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक उमंग खड़का (26) पुत्र खड़क सिंह खड़का निवासी आंनदपुर अपने पिता के साथ केबल का कारोबार करते थे। गुरुवार रात वह दो दोस्तों के साथ केबल का काम करने गए थे। देर रात करीब दो बजे घर लौटते समय महर्षि स्कूल से कुछ आगे फूलचौड़ रोड पर उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में उमंग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में उमंग के सिर, मुंह और गर्दन में गंभीर चोट आ गईं, जबकि उनके दोस्तों को हल्की चोटें आईं। आनन–फानन उमंग को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उमंग की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

उमंग की माता पूर्व में ग्राम प्रधान रह चुकी हैं। उमंग उनका दूसरे नंबर का बेटा था। बेटे की मौत पर मां बदहवास हो गई। परिजन उन्हें ढांढस बंधाने का प्रयास करते रहे। देर रात से ही उनके घर में शोक जताने वालों का तांता लगा रहा। शुक्रवार को गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## युवक पर लगाया बेटी को फुसलाकर ले जाने का आरोप


रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर यूपी निवासी युवक पर उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रतापपुर चौकी क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि 18 अप्रैल को यूपी के मुरादाबाद जिला निवासी युवक उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। काफी तलाश करने के बावजूद भी दोनों का कहीं सुराग नहीं लग सका।

पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने कहा पुनर्वास केंद्र में खोला जाएगा शिशु सदन

हल्द्वानी। प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने शुक्रवार को हल्द्वानी स्थित महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर संवासिनियों का हाल जाना।

इस दौरान संवासिनियों ने समस्याए मंत्री को बताईं। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से संवासिनियों की समस्या हल करने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार संवासिनियों के प्रति गंभीर है और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए हर संभव कार्य कर रही है। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने रसोईघर, कक्ष, शौचालय आदि का भी निरीक्षण किया। पुनर्वास केंद्र में शिशु सदन न होने पर मंत्री ने कहा कि इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा। साथ ही उन्होंने



भवन की मरम्मत के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

राशन गोदाम का किया निरीक्षण

हल्द्वानी। रेखा आर्या ने खाद्य गोदाम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गोदाम में मौजूद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को सभी जरूरी व्यवस्थाओं को जल्द बेहतर करने के निर्देश दिए। कहा कि सरकार खाद्य योजना के तहत जरूरतमंदों को खाद्यान्न उपलब्ध कराती है, ऐसे में गोदामों में सभी चीजें दुरुस्त होनी चाहिए ताकि अनाज को किसी भी प्रकार का नुकसान न हो। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मामूली विरोध के बीच 80 एकड़ भूमि खाली कराई

रुद्रपुर। पीपल पड़ाव रेंज की ककराला बीट में शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए लोगों के मामूली विरोध के बीच अतिक्रमण की गई 80 एकड़ जमीन खाली करा ली। इस दौरान आठ कच्चे घरों को भी ढहा दिया गया। पीपल पड़ाव रेंज के अंतर्गत गदगददिया अनुभाग ककराला बीट में काफी दिनों से अतिक्रमण की शिकायत आ रही थी। अतिक्रमणकारी धीरे–धीरे वन भूमि पर कब्जा कर रहे थे। कोई कुछ महीनों से तो कोई एक–दो सालों से अतिक्रमण कर रहा था। इसको लेकर वन विभाग व पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों के निर्देशन में अतिक्रमण हटाने के लिए टीम गठित की गई। इसमें वन विभाग की टीम के साथ बाजपुर, गदरपुर थाने की महिला पुलिस के साथ ही पीएसी की एक प्लाटून व गदरपुर तहसील के अधिकारी को भी शामिल किया गया। वन क्षेत्र अधिकारी रूपनारायण गौतम ने बताया कि शुक्रवार को जेसीबी की मदद से टीम ने छह लोगों के आठ कच्चे घरों को ढहा दिया गया। इसके अलावा कब्जाई गई करीब 80 एकड़ जमीन अतिक्रमण मुक्त करा ली गई। इस बीच लोगों ने टीम द्वारा की जा रही कार्रवाई का विरोध किया, लेकिन भारी फोर्स के आगे उनकी एक न चली। बताया कि अतिक्रमणकारियों को चिह्नित करके उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एमपी से 40 लाख की ठगी कर भागे आरोपी खटीमा से गिरफ्तार

रुद्रपुर। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले से 40 लाख की ठगी कर फरार चल रहे दो आरोपियों को खटीमा से गिरफ्तार किया गया है। उनके बैंक खाते में पांच लाख की नगदी मिली। बाकी रकम से उन्होंने कोलकाता में प्लॉट खरीद लिया। पुलिस उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर लेकर मध्य प्रदेश रवाना हो गई है। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले की पुलिस ने झनकईया पुलिस को बताया कि दो आरोपी गांव वालों को झांसे में लेकर 40 लाख रुपये ठगकर फरार हो गए हैं। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। आरोपियों की लोकेशन कुछ दिन पूर्व झनकईया थाना क्षेत्र में मिली। दोनों में से एक आरोपी की झनकईया पुलिस को



फोटो भी उपलब्ध करायी। इसके बाद थानाध्यक्ष रवींद्र सिंह बिष्ट ने आरोपियों की तलाश के लिए एक टीम गठित कर दी। शुक्रवार को टीम ने फरार आरोपी मूल कोलकाता एवं हाल आडाखेड़ा खालवा जिला खंडवा मध्य प्रदेश निवासी सुब्रत एवं खालीमहुवट नारायणनगर खटीमा निवासी छोटू विश्वास को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि उनके कब्जे से एक पासबुक भी मिली। इसमें पांच लाख रुपये पाए गए। शेष रुपयों से आरोपियों ने कोलकाता में जमीन खरीदी है। कुछ रुपये उन्होंने कोलकाता में ही छिपाकर रखे हैं। दोनों आरोपियों को मध्य प्रदेश पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। इसके बाद उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ मध्य प्रदेश ले गई। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा एसआई मनोज देव, प्रदीप शर्मा, आरक्षी ताजउद्दीन एवं मध्य प्रदेश के एएसआई संजय अहीर, हेड कांस्टेबल शिवशंकर उपाध्याय, आरक्षी मनीष लोगरे शामिल रहे।

## बीडीओ व एबीडीओ ने किया रक्तदान

बागेश्वर। खंड विकास अधिकारी आलोक भंडारी व सहायक खंड विकास अधिकारी बसंत बल्लभ जोशी ने एक प्रसूता को रक्तदान देकर उसकी जान बचाई है। शुक्रवार को जिला अस्पताल में भर्ती तारा देवी निवासी नई बस्ती की डिलीवरी हुई। डिलीवरी के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उनका स्वास्थ्य गड़बड़ा गया। उन्हें ओ पॉजिटिव रक्त की जरूरत पड़ने लगी। इस पीड़ा को रेडक्रॉस के प्रदेश प्रतिनिधि दीपक पाठक ने सोशल मीडिया में शेयर किया। इसके बाद दोनों अधिकारी अस्पताल पहुंचे और एक–एक यूनिट रक्तदान किया। इससे महिला को नया जीवन मिला।

# 15 सूत्रीय मांगों को लेकर फार्मासिस्टों ने किया प्रदर्शन

बागेश्वर। 15 सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्लोमा फार्मासिस्ट ऐसोसिएशन ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन तेज करेंगे। शुक्रवार को ऐसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कपकोटी के नेतृत्व में फार्मासिस्ट जिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्र हुए।

उन्होंने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। आयोजित सभा में कहा कि आईपीएचएस मानक में पद कम हैं। सीएमओ के अंडर 63 पद वीआइपी ड्यूटी ले लिए एक्टिवेट थे, वह अभी तक स्वीकृत नहीं हो सके हैं। 119 पदों के पद सोपान सहित मूल विभाग के फार्मासिस्ट संवर्ग में वापस नहीं



किया जा रहा है। 10 वर्ष की सेवा पूरी होने पर प्रथम एसीपी का लाभ दिया जाए। केंद्र सरकार की भांति पेशेंट केयर भत्ता नहीं मिल सका है। पोस्टमार्टम भत्ता यानी पारिश्रमिक में व्याप्त विसंगति दूर नहीं की जा रही है। उन्हें 300 रुपये भत्ता दिया जाए। 35 वर्ष तक पदोन्नत नहीं होने पर फार्मासिस्ट को पूर्व की भांति एसीपी पदोन्नति वेतनमान दिया जाए। उन्होंने पुरानी पेंशन लागू करने की मांग भी की। इस दौरान केवलानंद धौनी, राजकुमार आर्य, हरि प्रसाद, पीसी तिवारी, अनिल कुमार, प्रकाश गोस्वामी, हेमवती नंदन, सुनील कुमार, हरीश सिंह ऐठानी, बचे सिंह खाती, अनीता रावल, आरएस कपकोटी, कमलेश कुमार, प्रेमा साह, राजेश जोशी, सुरेंद्र शाही आदि उपस्थित थे।

# किराना की दुकान में लगी भीषण आग, जलकर राख

अल्मोड़ा। रानीखेत नगर से लगे ग्राम खनिया में शुक्रवार को तड़के किराना की दुकान में भीषण आग लग गई। विकराल आग से पूरी दुकान जलकर खाक हो गई। मौके पर पहुंचे अग्निशमन दस्ते ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

शॉर्ट–सर्किट के कारण आग लगने का अंदेशा जताया गया है। पीड़ित ने अग्निकांड में करीब 10 लाख की क्षति का अनुमान जताया है।




जानकारी अनुसार शुक्रवार तड़के नगर से सटे खनिया गांव में राजेंद्र सिंह बिष्ट पुत्र नारायण सिंह बिष्ट की परचून की दुकान में अचानक आग लग गई। तड़के करीब चार बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले ग्रामीण ने दुकान से लपटें उठते देख ग्रामीणों को जानकारी दी, साथ ही फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। जिसके बाद मौके पर जुटे ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए। लेकिन विकराल हो चुकी आग बेकाबू हो चुकी थी। कुछ ही देर बाद एफएसओ मिंदर पाल सिंह के नेतृत्व में रानीखेत अग्निशमन दस्ता भी मौके पहुंचा। लेकिन तब तक लगभग पूरी दुकान जल चुकी थी। दुकान का पूरा सामान आग की भेंट चढ़ गया। फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान स्वामी राजेंद्र सिंह ने करीब 10 लाख की क्षति पहुंचने का अनुमान जताया है। फायर सर्विस भी नुकसान का आंकलन कर रही है। एफएओ के अनुसार बिजली के शॉर्ट–सर्किट से आग लगने का अंदेशा है। अग्निशमन दस्ते में उमेश चंद, राजपाल, ईश्वर सिंह, दयाधर ध्यानी, रमेश चंद, जगदीश सिंह, चंदन राय, अनुज शर्मा आदि शामिल रहे।

## केवी से सटे जंगल में वन विभाग की गश्त जारी

अल्मोड़ा। केंद्रीय विद्यालय परिसर के आसपास गुलदार की धमक के बीच वन विभाग की टीम ने गश्त शुरू कर दी है। विद्यालय प्रबंधन की शिकायत के बाद विभाग की टीम लगातार गश्त कर रहीं है। हालांकि अभी तक टीम को गुलदार की कोई मूवमेंट नहीं मिली। दरअसल, बीते कुछ दिनों से यहां अल्मोड़ा–सोमेश्वर मोटर मार्ग के पास केंद्रीय विद्यालय परिसर में दिन और रात दोनों समय गुलदार की चहल कदमी देखी जा रहीं है। गुलदार की धमक के बीच विद्यालय प्रशासन भी अलर्ट मोड़ में है। वहीं शिकायत के बाद वन विभाग की टीम भी विद्यालय के आसपास लगातार गश्त कर रहीं है। वन क्षेत्राधिकारी मोहन राम ने बताया कि मौके पर वन विभाग की टीम लगातार गश्त कर रही है।

# आकाशीय बिजली ने उड़ाई जमीन की बिजली

बागेश्वर। आकाशीय बिजली ने एक बार फिर जमीन की बिजली उड़ा दी है। इस कारण गरुड़, कांडा, दुग–नाकुरी तहसील में गुरवार की रातभर बिजली गुल रही। लोगों ने बिजली के अभाव में रात काटी। सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को उठानी पड़ी। जहां शादी–विवाह के कार्यक्रम चल रहे हैं। कार्यक्रम में पहुंचे मेहमान भी हलकान रहे। गुरुवार की शाम करीब पांच बजे कांडा, दुग नाकुरी तहसील की बिजली गुल हो गई, जो शुक्रवार के अपराह्न दो बजे बहाल हुई। 21 घंटे बिजली नहीं आने से अधिकतर लोगों के मोबाइल फोन बंद हो गए हैं। फोन बंद होने से लोग अपने प्रवासियों से बात तक नहीं कर पाए। शादी–विवाह में शामिल होने महानगरों से आए लोग अपने घर तक बात नहीं कर पाए। इससे उनकी चिंता बढ़



गई। कई स्थानों पर पेयजल व सिंचाई पंपिंग योजना ने काम नहीं किया। बिजली से चलने वाले उपकरण बंद रहे। आटा चक्की, धान कुटाई व तेल पिराई मशीन शोपीस बने रहे। लोगों का कहना है कि दुग–नाकुरी, कांडा क्षेत्र में आए दिन बिजली का संकट रहता है। उन्होंने विभाग से स्थायी समाधान की मांग की है। इधर ऊर्जा निगम के एसडीओ एसएस भंडारी ने बताया कि घिंघारूतोला के बपास मेन लाइन में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। उसे दूर कर दिया है। दो बजे आपूर्ति सुचारू हो गई है।

## पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया

पिथौरागढ़। नगर के खड़कोट स्थित गंगोत्री गर्ब्याल में पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को बाल अपराध, नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, चाइल्ड हेल्प लाइन, बाल भिक्षावृत्ति, साइबर क्राइम के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने उत्तराखंड पुलिस एप, गौरा शक्ति, महिला हेल्पलाइन, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 से भी अवगत कराया।

# बर्फबारी व ओलावृष्टि से बढ़ी ठंड



बागेश्वर। जिले में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। पिंडारी में हल्का हिमपात हुआ है। बर्फबारी व ओलावृष्टि के कारण ठंड बढ़ गई है। शुक्रवार को भी आसमान पर हल्के बादल छाए हुए हैं। गुरुवार की रात समूचे जिले में हुई। कपकोट तहसील के पिंडारी में हल्का हिमपात हुआ है। सुबह क्षेत्र के घाटी वाले क्षेत्र में कोहरा छाया रहा। इस बार जाड़ों में वर्षा नहीं हुई, लेकिन ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ से ही वर्षा, ओलावृष्टि और हिमपात के कारण ठंड बरकरार है। बीच में चटक धूप निकलने से गर्मी होने लगी थी। अधिकतर लोगों ने कंबल, रजाई और गरम कपड़े रख दिए थे, लेकिन अप्रैल अंतिम सप्ताह में फिर से गरम कपड़े निकालने पड़े हैं। यदि मौसम कुछ दिन ऐसा ही बना रहा तो हिमालयी गांवों की चोटियों से गांव तक हिमपात होने की संभावना बनी हुई है।

# सामिया बिल्डर्स के खिलाफ तीन और शिकायतें आईं

रुद्रपुर। सामिया बिल्डर्स पर तीन और लोगों ने लाखों की ठगी का आरोप लगाते हुए शिकायत की है।

अब तक एसआईटी को 25 शिकायती पत्र मिल चुके हैं। शुक्रवार को खटीमा निवासी तीन लोग एसएसपी कार्यालय पहुंचे और एसआईटी को शिकायती पत्र सौंपे। खीमनाथ गोस्वामी ने बताया कि उन्होंने काशीपुर रोड रुद्रपुर स्थित सामिया लेक सिटी में वर्ष 2012 में 12 लाख रुपये देकर फ्लैट खरीदा था। इस पर अब तक कब्जा नहीं दिया गया। देव सिंह खोलिया ने बताया कि उन्होंने भी सामिया लेक सिटी में 12 लाख रुपये देकर फ्लैट बुक कराया था, जो आज तक नहीं मिला है। जगत सिंह ने बताया कि वर्ष 2010 में फ्लैट लेने के लिए उन्होंने सामिया बिल्डर्स को चार लाख रुपये दिए थे। रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाने पर टालमटोल किया जा रहा है। सभी ने सामिया बिल्डर्स पर कार्रवाई की मांग की है।

## 75 का स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी दवा

अल्मोड़ा। निदेशक होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं देहरादून के निर्देश पर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय संग्रोली की ओर से धूरा संग्रोली में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें अस्पताल के प्रभारी डॉ. नवीन सिंह पांगती ने 75 का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरित की।

वहीं विभिन्न बीमारियों की जानकारी देकर बीमारियों से बचाव के तरीके बताए। यहां फार्मासिस्ट प्रमोद कुमार, एमपीडब्लू टीका सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

G20 उत्तर रेलवे आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धि पत्र–1
निविदा सूचना संख्या 18/2023, दिनांक 27.04.2023 के लिए शुद्धि पत्र संख्याः 1 दिनांकः 28.04.2023
22.05.2023 को खोले जाने वाले एनआईटी नंबर 34_SrDEE_G_MB_2023 के माध्यम से खुली निविदा को कृपया प्रशासनिक आधार पर रद्द माना जाए।
1294/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्याः U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार
ई–निविदा विस्तार सूचना
विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमंत्रित ई–निविदा सं. 09/EDDK/22–23 के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 03.05.2023 को 16.00 बजे तक बढ़ायी जाती है तथा ई–निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि 04.05.2023 को 11.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी एवं ई–निविदा प्रपत्र ऑनलाईन और ऑफलाईन निविदा प्रथम भाग खुलने की तिथि 04.05.2023 एवं समय 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्तें पूर्ववत है।
पत्रांकः 1255/विविखको/टी–6 दिनांकः 28.04.2023 अधिशासी अभियन्ता
राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या–0135–2760911 पर दें।)

# वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन



लैंसडौन में आयोजित वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देते छात्र

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन में प्राइमरी वर्ग के बच्चों के एक्टिविटी शो का आयोजन किया गया। शो में नन्हें मुन्नों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने दर्शकों एवं अभिभावकों का मन मोहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा 4 के अभिमन्यु सुन्द्रियाल व कक्षा 5 के लेवांत कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के म्यूजिकल बैंड द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा 1 के विद्यार्थियों ने भारत वर्ष के राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया, वहीं कक्षा 2 के द्वारा इंग्लिश कविताओं पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा 3 के विद्यार्थियों द्वारा सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया, वहीं देशभक्ति पर आधारित कविता का प्रस्तुतिकरण कक्षा 4 द्वारा किया गया। कक्षा 5 के विद्यार्थियों द्वारा हास्य नाटक का प्रस्तुतिकरण किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुन्द्रियाल ने विद्यार्थियों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है व उनको आगे आने का मौका मिलता है। कार्यक्रम में मनीषा गुसाईं, सुधीर नेगी, प्रशांत थापा व संगीता कुमारी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मांगों को लेकर फार्मासिस्टों ने दिया धरना, सीएम को भेजा ज्ञापन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिला अस्पतालों, पुलिस अस्पतालों, टीबी क्लीनिकों व इमरजेंसी सेवाओं में फार्मासिस्टों के पदों में वृद्धि करने, फार्मासिस्ट संवर्ग की राजपत्रित व अराजपत्रित सेवा नियमावली में संशोधन करने एवं फार्मासिस्ट एवं चीफ फार्मासिस्ट के पदों को यथाशीघ्र जीओ जारी करने समेत 15 सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने सांकेतिक धरना दिया। इस मौके पर उन्होंने जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने सीएमओ कार्यालय में सांकेतिक धरना दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व में शासन स्तर पर संगठन की मांगों को लेकर कई दौर की बैठकें और वार्ता की गई। लेकिन आज तक उन मांगों पर कोई सरकारात्क कार्रवाई नहीं हो पायी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष आरपी कोहली ने कहा कि संगठन की ओर से दर्जनों बार शासन से पत्राचार किया गया। बावजूद इसके आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पायी। कहा कि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन उग्र आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा। इस मौके पर नरेंद्र सिंह लिंगवाल, बृजमोहन थपलियाल, मनोज कुमार, रवींद्र कुमार, जेपी टम्टा, एसएस रौथाण, नीलम भट्ट, सुमनलता रावत, सुशील मैंदोलिया, जीएस रावत आदि शामिल रहे।

# एक समान सेवा नियमावली लागू करने की मांग की

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने प्रदेश के सभी अभियांत्रिकी विभागों में एक समान सेवा नियमावली लागू किए जाने की मांग की है। महासंघ 12 सूत्रीय मांगों के समाधान को लेकर बीते एक अप्रैल से चरणवद्ध आंदोलन कर रहा है। महासंघ ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास के निधन पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय में प्रस्तावित धरना स्थगित कर सिर्फ ज्ञापन भेजा।

शुक्रवार को उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपर जिलाधिकारी पौड़ी ईला गिरी से मुलाकात की। इस मौके पर महासंघ के जिलाध्यक्ष ई. मुकेश कुमार व जिला सचिव ई. कौशिद अली ने बताया कि अपर सहायक अभियंता के वेतन में कई विसंगतियां हैं। जिन्हें दूर नहीं किया जा रहा है। कहा 2015 में शासनादेश के अनुसार कनिष्ठ अभियंता व अपर सहायक अभियंता की 10 साल की सेवा के बाद सहायक अभियंता का ग्रेड वेतन 5400 होगा। कहा प्रदेश के तीनों ऊर्जा निगमों में कनिष्ठ अभियंता से सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति कोटा 40 से बढ़ाकर 50 फीसदी किया जाय। डिग्रीधारी कनिष्ठ अभियंता का पदोन्नति कोटा 8.33 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाय। उन्होंने कहा कि लघु सिंचाई विभाग में वर्ष 2013 के बाद नियुक्त कनिष्ठ अभियंताओं को अपर सहायक अभियंता पदनाम व ग्रेड पे लाभ प्रदान किया जाय। महासंघ पदाधिकारियों ने बताया कि 12 सूत्रीय मांगों के समाधान को लेकर 1 अप्रैल से चरणवद्ध आंदोलन कर रहा है। लेकिन अभी तक सरकार की ओर से ठोस निर्णय नहीं लिय गया है। कहा समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन उग्र किया जाएगा। इस दौरान महासंघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष पौड़ी प्रवीण राणा, सचिव शानु कुमार, अजय कुमार, मयंक शैली, जीएस कोंडल, प्रदीप मंमगाई, प्रशांत चौहान, गजेंद्र, अजीत, हरीश, मौ. इस्लाम, नदीम अहमद आदि मौजूद रहे।

# बैंक सुविधा रहित 414 गांवों में बैंकिंग सुविधाएं दी



जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि बैंक रहित गांव व केंद्र में बैंकिंग सेवाएं वर्ष 2012-13 से अब तक जिले के (0 से 1999) जनसंख्या वाले 3122 गांवों में से बैंकिंग सुविधा रहित 414 गांवों में 31 मार्च 2023 तक बैंकों द्वारा बैंकिंग सुविधाएं प्रदान कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स व रेखीय विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर प्रगति की है। विभाग आगे भी लक्ष्यों को बढ़ाते हुए आपसी समन्वय से ओर भी बेहतर प्रगति हासिल करें। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की प्रगति करने वाले बैंकर्स व रेखीय विभागों के अधिकारियों को सम्मानित भी किया।

मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार एवं अनुवीक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई। सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि छोटे किसानों व छोटे-मोटे कामकाज करने वाले लोगों को ऋण देने में वरियता दें। साथ ही कहा कि यदि किसी आवेदक की कुछ औपचारिताएं अधूरी रह जाती हैं तो संबंधित बैंक व संबंधित रेखीय विभाग के समन्वय से उन औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ देना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिक से अधिक किसानों व काश्तकारों को मौसम आधारित फसल बीमा योजना हेतु प्रोत्साहित करने, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, सौर स्वरोजगार, होमस्टे, बीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा। उन्होंने विभिन्न योजना के लाभार्थियों का आधार सिडिंग को भी तेजी से पूरा करने को कहा। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए संजीव कुमार रॉय, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी, लीड बैंक अधिकारी अनिल कटारिया, महाप्रबंधक उद्योग शैलेन्द्र डिमरी, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री, बैंक प्रबंधक एसबीआई सुधांशु नेगी, पीएनबी अरूण कुमार, आईसीआईसी आशीष बडोनी, सहायक लीड बैंक अधिकारी भूपेश नौटियाल सहित अन्य बैंकों व रेखीय विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**डिजिटल माध्यम से लेन-देन के लिए किया जा रहा प्रेरित**

लीड बैंक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत पौड़ी जनपद ने प्रदेश में प्रथम तथा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि पौड़ी जनपद को शासन द्वारा इस वर्ष डिजिटलीकरण हेतु चयन किया गया है। सभी बैंकों द्वारा डिजिटल बैंकिंग को बढ़ाने के भरसक प्रयास किये जा रहे हैं।

## 16 दुकानों के खिलाफ की कार्रवाई

श्रीनगर गढ़वाल : खाद्य सुरक्षा विभाग एवं नगर निगम की टीम द्वारा होटलों एवं अन्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें कॉमर्शियल सिलेंडर के स्थान पर घरेलू सिलेंडर, दुकानों की रेट लिस्ट, लाइसेंस, अग्निशमन आदि सफाई संबंधी सभी व्यवस्थाओं की जांच की गई। इस दौरान 5 व्यापारियों को घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते हुए पकड़ा गया।

# कबड्डी में शिवाजी सदन ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : केंद्रीय विद्यालय के तीन दिवसीय चिल्ड्रन स्पोर्ट्स फेस्टिवल में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता छात्र-छात्राओं को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। बालक सीनियर वर्ग कबड्डी में शिवाजी सदन ने पहला, बैडमिंटन जूनियर में दिव्यांशी असवाल व सीनियर वर्ग में सिमरन ने पहला स्थान हासिल किया। प्राथमिक वर्ग के डोज बॉल में टैगार सदन ने पहला, माध्यमिक बालिका कबड्डी के जूनियर व सीनियर वर्ग में शिवाजी सदन, बालक सीनियर वर्ग में अशोका सदन ने पहला, बैडमिंटन एकल जूनियर बालक वर्ग में टैगोर सदन के सुमित नेगी व सीनियर वर्ग में टैगोर सदन के प्रियांशु नेगी ने पहला स्थान प्राप्त किया। 50 मी. बालिका दौड़ के 2 से 3 कक्षा वर्ग में आर्य ने पहला और 4 से 5 कक्षा में पूर्वी पहले स्थान पर रही। 50 मीटर बालक वर्ग के कक्षा 2 से 4 बालचंद्रेश ने पहला व 4 से 5 कक्षा वर्ग में अक्षय ने पहला स्थान हासिल किया।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (₹) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्योरिटी राशि (₹) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 33/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 ABSS के लिए विद्युत कार्य: अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के अमरोहा, चंदौसी, हरदोई, शाजहांपुर और रामपुर स्टेशनों का उन्नयन (मुखौटा) | 2,01,11,259.57 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 2,50,600/- | 5 (पांच) माह | निविदायें दिनांक 22.05.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे/मुरादाबाद |
| 2. | 34/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 ABSS के लिए विद्युत कार्य: अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के अमरोहा, चंदौसी, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, बुलंदशहर, हरदोई, हर्रावाला, रुड़की, कोटद्वार, नगीना, सिओहरा, गजरौला, नजीबाबाद, शाहजहांपुर और रामपुर स्टेशन का उन्नयन (साइनेंज बोर्ड) | 1,70,02,763.51 (जीएसटी सहित) | | 2,35,000/- | 5 (पांच) माह | निविदायें दिनांक 22.05.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | |

निविदा सूचना सं. 18/2023 दिनांक 27.04.2023 1293/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# जीवन में योग को अपनाने का लिया संकल्प



जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पतंजलि योगपीठ की ओर से मवाकोट में आयोजित छः दिवसीय योग शिविर सम्पन्न हो गया। इस दौरान लोगों ने स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग को अपनाने का संकल्प लिया। मवाकोट स्थित गेंद मेला मैदान में छः दिवसीय सांयकालीन योग विज्ञान शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योग शिविर का संचालन पूर्णकालिक सेवाव्रती एवं मुख्य योग प्रशिक्षक नीरज नेगी ने किया। उन्होंने शिविरार्थियों को वर्तमान में हो रही हृदय, उक्त रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल, किडनी, लिवर, कमर व जोड़ों का दर्द, पेट संबंधित विकारों से लेकर कैंसर जैसी लाइफ स्टाइल बीमारियों में योग-प्राणायाम के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। योग शिविर का आयोजन स्थाई योग कक्षा गोरखपुर के सहयोग से हुआ। इस मौके पर योग शिक्षक भगेश्वरी, सुषमा बिष्ट, शिब्बा देवी, सीमा नेगी, लक्ष्मी बौंठियाल, अनिता रावत, नीलम, मीना नेगी, सुनीता रावत आदि मौजूद रहे।

## शिविर में 126 मरीजों ने कराई जांच

सतपुली : हंस अस्पताल चमोलीसैंण में शिविर में कान, नाक और गला के 126 मरीजों ने जांच कराई। शिविर में कान, नाक और गला विशेषज्ञ डा. समीर टोपनो ने कान, नाक और गला से सम्बंधित सभी बीमारियो के लिए अस्पताल आये मरीजों को देखा। बताया कि 21 मरीजों को आगे इलाज के लिए भर्ती किया जाएगा।

## बकरी पालक ने मांगा मुआवजा

पौड़ी : बेमौसमी बरसात के चलते पौड़ी के दूरस्थ ब्लाक में एक बकरीपालक की छह भेड़ व बकरियों की मौत हो गई। बकरी पालक ने जिला प्रशासन ने उन्हें शीघ्र ही उचित मुआवजा देने की मांग की।

बीते गुरूवार को दोपहर बाद हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि एक बकरीपालक के लिए मुसीबत का सबब बन गई। टीला गांव के बकरी पालक भगतराम पंत ने बताया कि बीते गुरुवार को वह अपनी 50 भेड़ व बकरियों को चुगाने जंगल गये थे। क्षेत्र में दोपहर बाद भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई। जिससे उनकी छः भेड़ और बकरियों की मौत हो गई। बताया कि परिवार की आजीविका का साधान काश्तकारी है। इस प्रकार से छः बकरियों की मौत हो जाने से उन्हें काफी नुकसान हुआ है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, लक्सर जनपद हरिद्वार

## अल्पकालीन निविदा सूचना

पत्रांक 90 / अवस्थापना विकास निधि / 2023-24 दिनांक :- 27/4/23

अवस्थापना विकास निधि/अवस्थापना विकास निधि (एस0सी0एस0पी0 घटक)/पार्क का निर्माण एवं सौदर्यकरण कार्य अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद लक्सर निम्न निर्माण कार्यों हेतु निकाय दिनांक 12.05.2023 की दोपहर 2.00 बजे तक निकाय के पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबन्द निविदायें आमन्त्रित करती है। जो उसी दिन समय 3.00 बजे गठित निविदा कमेटी, नगर पालिका परिषद, लक्सर द्वारा, ठेकेदार या उनके प्रतिनिधि के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 11-05-2023 को 12.00 बजे तक निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है।


| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं. 07 श्रीराम कालौनी में पार्क का निर्माण एवं सौन्दर्यकरण का कार्य। | 19,09,000 | 58000 | 1500/-एवं GST | 45 दिन |
| 2 | वार्ड नं. 09 शुगर मिल स्टाफ कालोनी फ्लैट में इंटर लौकिंग टाईल्स निर्माण कार्य। | 4,45,000 | 14000 | 500/-एवं GST | 45 दिन |
| 3 | वार्ड नं. 07 में डॉ. सुभाष जी की दुकान से नई बाल्मिकी बस्ती के रास्ते की ओर सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | 16,54,000 | 50000 | 1500/-एवं GST | 45 दिन |
| 4 | वार्ड नं. 07 बसेडी बाईपास पुलिया से उत्तर दिशा की की ओर सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | 17,46,000 | 53000 | 1500/-एवं GST | 45 दिन |
| 5 | वार्ड नं. 07 मेन बाजार वेदप्रकाश शर्मा से संगम पैलेस की ओर सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | 18,38,000 | 56000 | 1500/-एवं GST | 45 दिन |
| 6 | वार्ड नं. 07 बसेडी रोड राजू फार्म हाउस से इसरार के मकान की ओर सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | 7,97,000 | 24000 | 1000/-एवं GST | 45 दिन |
| 7 | वार्ड नं. 02 में देवेन्द्र के मकान से सीमली मेंन रोड की ओर सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | 3,25,000 | 10000 | 500/-एवं GST | 45 दिन |
| 8 | कस्बा लक्सर के वार्ड 02, में रविदास मन्दि से विक्रम के मकान की ओर सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 6,75,000 | 21000 | 1000/-एवं GST | 45 दिन |
| 9 | कस्बा लक्सर के वार्ड 02, में योगेन्द्र के मकान से सुलेन्द्र नामदेव के मकान की ओर सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 3,54,000 | 11000 | 500/-एवं GST | 45 दिन |
| 10 | वार्ड 02, मेन रोड से मदन के मकान की ओर सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 6,10,000 | 19000 | 1000/-एवं GST | 45 दिन |

शेष शर्तें कार्यालय से कार्यालय समय में जानी जा सकती है। किसी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार कमेटी/अध्यक्ष महोदय को होगा।

**(चन्द्रशेखर शर्मा)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**

**(अम्बरीश गर्ग)**
**अध्यक्ष,**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**





## सम्पादकीय

# घातक है रेवड़ी संस्कृति

साम–दाम–दंड–भेद की नीति पर चलकर किसी भी सूरत में सत्ता तक पहुंचने का हथकंडा अपनाया जा रहा है फिर चाहे जनता से मुफ्त वादे ही चुनाव करने पड़े, जो सत्ता हासिल होने के बाद रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाए या मात्र जुमला साबित हों। रेवड़ी संस्कृति को लेकर प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में उल्लेख कर ही दिया है तो इस शब्द को लेकर राजनीति भी खूब होने लगी है। असल में भारत की राजनीति में रेवड़ी संस्कृति कोई नई बात नहीं है और जनता को लुभाने के लिए इसके अंतर्गत कई ऐसी बातें भी की जाती हैं जो पूरी करने के लिए नहीं होती। इसका सीधा सा और एक साफ उद्देश्य होता है जो केवल वोट साधने तक ही सीमित रहता है। एक बार चुनाव संपन्न हुए उसके बाद कैसे वादे और कौन जनता? प्रधानमंत्री भले ही रेवड़ी संस्कृति से छुटकारा पाने की बात करते हैं लेकिन खुद भाजपा के कुछ चर्चित चुनावी वादों कि आज तक चर्चा की जाती है जिसमें 15 लाख हर व्यक्ति के खाते में आने से लेकर काले धन की वापसी और ना जाने कितने बड़े लोग लुभावने वादे शामिल रहे हैं, जिनमें से कुछ को गृह मंत्री अमित शाह जुमला बता चुके हैं। किसी राज्य में चुनाव होने के साथ ही वादों और घोषणाओं की बरसात होने लगती है जिसमें इन दिनों निशुल्क बुनियादी सुविधाओं का फार्मूला भी चल पड़ा है। अधिकांश राज्य भले ही मुफ्त की व्यवस्थाएं देने में सक्षम नहीं है लेकिन जनता को आकर्षित करने के लिए मुफ्त रेवड़ी संस्कृति की राह पकड़नी ही पड़ती है। निश्चित तौर पर झूठे वादों की यह रेवड़ी संस्कृति किसी भी राज्य के लिए सिवाय नुकसान के और कुछ साबित नहीं हुई है। अब यह अलग बात है कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य को लेकर घोषणाएं करने में नेता थोड़ा उदासीन नजर आए हैं। जरूरत शिक्षा और स्वास्थ्य में ही सबसे अधिक है क्योंकि यही दो क्षेत्र ऐसे हैं जो आम आदमी की जेब पर डाका डाल रहे हैं। इस बात को स्वीकार करना होगा कि समाज को उचित दरों पर बुनियादी सुविधाओं को मुहैया कराया जा सकता है लेकिन यह कतई नहीं की मुफ्त का लालच देकर एक बनी बनाई व्यवस्था को बिगड़ा जाए। राजनीतिक दलों को ऐसी अनर्गल घोषणाओं से बचना चाहिए जिसे वे बाद में पूरा ना कर सके। मुफ्त अनाज हो बिजली हो या फिर पानी हो देश में यह खेल बंद होना चाहिए। हां इतना जरूर है कि निशुल्क देने से कहीं बेहतर होगा कि एक ऐसी दर नागरिकों से ली जाए जो हर वर्ग के दायरे में हो। दिक्कत तो यह है कि चुनाव आने के साथ ही राजनीतिक दलों में मुफ्त चुनावी वादों का बुखार भी चढ़ जाता है। अब कर्नाटक में भी मुफ्त घोषणाओं की झड़ी लग गई है जिसमें आरक्षण से लेकर महिलाओं को मासिक धनराशि देने तक का वादा किया जा रहा है। साफ है कि यह वादे केवल चुनावों तक ही सीमित है जो चुनाव होने के बाद दूर दूर तक ना तो नजर आएंगे और ना जनता अपने नेताओं से इन वादों को पूरा करने के सवाल जवाब कर पाएगी। यहां सबसे महत्वपूर्ण भूमिका चुनाव आयोग की बन सकती है कि वह ऐसे वादों पर नियंत्रण रखने संबंधी दिशा निर्देश राजनीतिक दलों के लिए जारी करें।

# बादल साहब हमेशा दिलों में बसे रहेंगे



बादल साहब की गौशाला में विशेष रुचि थी और वे तरह–तरह की गायें रखते थे। हमारी एक मुलाकात के दौरान, उन्होंने मुझे बताया कि गिर की गायों को पालने की उनकी इच्छा है। मैंने उनके लिए 5 गायों की व्यवस्था की और उसके बाद जब भी हम मिलते तो वे मुझसे गायों के बारे में बात करते, और मजाक में कहा करते थे कि वे गायें हर तरह से गुजराती हैं– क्योंकि वे कभी गुस्सा नहीं करतीं, उत्तेजित नहीं होतीं, या किसी पर हमला नहीं करतीं, यहां तक कि जब बच्चे खेल रहे होते हैं, तब भी नहीं। वे कहते थे कि गुजराती भी इन गायों का दूध पी–पीकर विनम्र होते हैं।2001 के बाद, मुझे बादल साहब के साथ एक अलग रूप में बातचीत करने का मौका मिला– अब हम अपने–अपने राज्यों के मुख्यमंत्री थे।मुझे विशेष रूप से जल संरक्षण, पशुपालन और डेयरी सहित कृषि से संबंधित कई मुद्दों पर बादल साहब का मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। एक बार उन्होंने मुझसे कहा था कि वे समझना चाहते हैं कि अलंग शिपयार्ड में कैसे काम होता है। फिर वे वहां आए और पूरा दिन अलंग शिपयार्ड में बिताया और अच्छी तरह समझा कि रीसाइक्लिंग कैसे होती है।

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

पच्चीस अप्रैल की शाम को जब मुझे सरदार प्रकाश सिंह बादल जी के निधन की खबर मिली तो मन बहुत दुखी हुआ। उनके निधन से मैंने एक पिता तुल्य व्यक्ति खो दिया है, जिन्होंने दशकों तक मेरा मार्गदर्शन किया। एक प्रकार से देखें तो उन्होंने भारत और पंजाब की राजनीति को ऐसा आकार दिया, जो अपने आप में अद्भुत है।

बादल साहब एक बड़े नेता थे, यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वे एक बड़े दिल वाले इंसान थे। एक बड़ा नेता बनना आसान है, लेकिन एक बड़े दिल वाला व्यक्ति होने के लिए और भी बहुत कुछ चाहिए। पूरे पंजाब में लोग कहते हैं– बादल साहब की बात अलग थी !ड्ढयह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि भारत के इतिहास में सरदार प्रकाश सिंह बादल साहब को एक बड़े किसान नेता के रूप में जाना जाएगा। कृषि और किसान उनके दिल में रचे–बसे थे। वे जब भी किसी अवसर पर बोलते थे, उनके भाषण तथ्यों, नवीनतम जानकारियों और ढेर सारे व्यक्तिगत अनुभवों से भरे होते थे।1990 के दशक में जब मैं उत्तरी भारत में पार्टी का काम देखता था, तब मुझे बादल साहब को निकटता से जानने का अवसर मिला। बादल साहब एक लोकप्रिय नेता थे। वे एक राजनीतिक दिग्गज थे जो पंजाब के सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और दुनियाभर के करोड़ों पंजाबियों के दिलों पर राज करने वाले व्यक्ति थे। दूसरी ओर, मैं एक साधारण कार्यकर्ता था। फिर भी, अपने स्वभाव के अनुरूप, उन्होंने कभी भी इसे हमारे बीच खाई नहीं बनने दी। वे गर्मजोशी के साथ–साथ संवेदनाओं से भरे एक जीवंत व्यक्तित्व थे। ये ऐसे गुण थे, जो आखिरी सांस तक उनके साथ रहे। हर कोई, जिसने भी बादल साहब के साथ निकटता से बातचीत की, उनकी बुद्धिमत्ता और हंसमुख स्वभाव का कायल हो गया।1990 के मध्य और उत्तरार्ध में पंजाब में राजनीतिक माहौल बहुत अलग था। राज्य ने बहुत उथल–पुथल देखी थी और 1997 में चुनाव होने थे। हमारी पार्टियां एक साथ मिलकर लोगों के पास गईं और बादल साहब हमारे नेता थे। उनकी लोकप्रियता और जनता का विश्वास एक प्रमुख कारण था कि लोगों ने हमें शानदार जीत का आशीर्वाद दिया। इतना ही नहीं, हमारे गठबंधन ने चंडीगढ़ में नगरपालिका चुनाव और शहर में लोकसभा सीट भी सफलतापूर्वक जीती। ये उनके नेतृत्व का ही प्रभाव था कि हमारा गठबंधन 1997 से 2017 के बीच 15 साल तक राज्य की सेवा करता रहा।एक किस्सा है, जिसे मैं कभी नहीं भूल सकता। मुख्यमंत्री के पद की शपथ लेने के बाद एक दिन बादल साहब ने मुझसे कहा कि हम अमृतसर जाएंगे, मत्था टेकेंगे और साथ में लंगर छकेंगे। मैं अमृतसर पहुंच गया और गेस्ट हाउस में अपने कमरे में था, लेकिन जब उन्हें इस बात का पता चला तो वे मेरे कमरे में आए और मेरा सामान उठाने लगे। मैंने उनसे पूछा कि वे ऐसा क्यों कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि आओ मेरे साथ। वे मुझे वहां ले गए, जो कमरा मुख्यमंत्री के लिए आवंटित होता है, और फिर उन्होंने कहा कि तुम यहां रहोगे। मेरे लाख मना करने के बाद भी वे माने नहीं और फिर मुझे उसी कमरे में रहना पड़ा। और बादल साहब दूसरे कमरे में रुक गए। मेरे जैसे एक बेहद साधारण कार्यकर्ता के प्रति उनके इस भाव को मैं आज भी नहीं भूल पाया हूं।

बादल साहब की गौशाला में विशेष रुचि थी और वे तरह–तरह की गायें रखते थे। हमारी एक मुलाकात के दौरान, उन्होंने मुझे बताया कि गिर की गायों को पालने की उनकी इच्छा है। मैंने उनके लिए 5 गायों की व्यवस्था की और उसके बाद जब भी हम मिलते तो वे मुझसे गायों के बारे में बात करते, और मजाक में कहा करते थे कि वे गायें हर तरह से गुजराती हैं– क्योंकि वे कभी गुस्सा नहीं करतीं, उत्तेजित नहीं होतीं, या किसी पर हमला नहीं करतीं, यहां तक कि जब बच्चे खेल रहे होते हैं, तब भी नहीं। वे कहते थे कि गुजराती भी इन गायों का दूध पी–पीकर विनम्र होते हैं।2001 के बाद, मुझे बादल साहब के साथ एक अलग रूप में बातचीत करने का मौका मिला– अब हम अपने–अपने राज्यों के मुख्यमंत्री थे।मुझे विशेष रूप से जल संरक्षण, पशुपालन और डेयरी सहित कृषि से संबंधित कई मुद्दों पर बादल साहब का मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। एक बार उन्होंने मुझसे कहा था कि वे समझना चाहते हैं कि अलंग शिपयार्ड में कैसे काम होता है। फिर वे वहां आए और पूरा दिन अलंग शिपयार्ड में बिताया और अच्छी तरह समझा कि रीसाइक्लिंग कैसे होती है। पंजाब एक तटीय राज्य नहीं है और एक तरह से उनके लिए शिपयार्ड की कोई सीधी प्रासंगिकता नहीं थी, लेकिन नई–नई चीजों को जानने और सीखने की रुचि उनमें हमेशा रहती थी।2001 के भूकंप के दौरान क्षतिग्रस्त हुए कच्छ के पवित्र लखपत गुरुद्वारे की मरम्मत और जीर्णोद्धार के प्रयासों के लिए उन्होंने जिस प्रकार से गुजरात सरकार के प्रयासों की सराहना की, वो हमारे लिए बहुत प्रेरणादायी रहेगी।2014 में केंद्र में एनडीए सरकार के आने के बाद भी समय–समय पर उनके अनुभव का लाभ मुझे मिलता रहा। उन्होंने ऐतिहासिक जीएसटी सहित कई बड़े सुधारों का पुरजोर समर्थन किया। हमारे राष्ट्र के लिए उनका योगदान अमिट है। वे आपातकाल के काले दिनों में भी लोकतंत्र के लिए लडने़ वालों के साथ एक मजबूत स्तंभ की तरह खड़े थे। उन्होंने हमेशा कांग्रेस के अहंकार और जुल्मों का सामना किया। उनकी सरकारें भी बर्खास्त की गईं।

पंजाब में 1970 और 1980 के दशक के मुश्किल भरे दौर में भी बादल साहब ने पंजाब फर्स्ट और इंडिया फर्स्टड्ढ की बात रखी। उन्होंने ऐसी हर बात का दृढ़ता से विरोध किया, जो भारत को कमजोर करे या पंजाब के लोगों के हितों से समझौता करे, भले ही इसके लिए उन्हें कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़ी हो।वे महान गुरु साहिबों के आदर्शों के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने सिख विरासत को संरक्षित करने और नयी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए। 1984 के दंगा पीड़ितों को न्याय दिलाने में उनकी भूमिका को कौन भूल सकता है? बादल साहब सब लोगों को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने अलग–अलग विचारधाराओं वाले नेताओं के साथ काम किया। राजनीतिक फायदे–नुकसान से परे हटकर उनके लिए राष्ट्रीय एकता की भावना हमेशा सर्वोपरि रही।बादल साहब के निधन से जो रिक्तता आई है, उसे भरना मुश्किल होगा। वे एक ऐसे राजनेता थे, जिन्होंने जीवन में कई चुनौतियां देखीं।वो आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका व्यक्तित्व और कृतित्व हमेशा हम सभी को प्रेरित करता रहेगा। उनकी कमी तो हमें जरूर खलेगी, लेकिन यह भी सच है कि वे हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगे।

# दिल्ली विधानसभा के ऊपर खतरा!




विधानसभा का सत्र बलाने के लिए उप राज्यपाल की मंजूरी की जरूरत होती है लेकिन केजरीवाल ने उसका भी रास्ता निकाल लिया है। कोई भी सत्र जब अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होता है तो उसके बाद स्पीकर की ओर से उसका सत्रावसान करना होता है तभी जरूरत पडने़ पर नया सत्र बुलाया जाता है। लेकिन दिल्ली में सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद लंबे समय तक उसका सत्रावसान नहीं किया जाता है। अगर सत्रावसान नहीं होगा तो स्पीकर किसी भी समय फिर से विधानसभा की बैठक बुला सकता है। दिल्ली का बजट सत्र समाप्त हो चुका है लेकिन अभी तक सत्रावसान नहीं हुआ है इसलिए स्पीकर ने विशेष बैठक बुला ली और उसमें केजरीवाल ने जम कर मोदी पर हमला किया।

दिल्ली विधानसभा के ऊपर खतरा मंडरा रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिस तरह से दिल्ली की विधानसभा का इस्तेमाल कर रहे हैं वैसा किसी ने सोचा भी नहीं होगा। उनको जब भी प्रधानमंत्री के ऊपर हमला करना होता है या कोई ऐसी बात कहनी होती है, जिसके लिए मानहानि आदि का मुकदमा हो सकता है तो वे विधानसभा का विशेष सत्र बुला लेते हैं। फिर विधानसभा के अंदर विशेषाधिकार के दायरे में वे प्रधानमंत्री के ऊपर हमला करते हैं। उनके बारे में कुछ भी कहते हैं। विधानसभा में उनकी पार्टी का प्रचंड बहुमत है और स्पीकर उनका है तो वे जो कुछ भी कहते हैं वह कार्यवाही में भी दर्ज होता है और मीडिया में भी खबर बनती है लेकिन उसे लेकर उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकती है।

विधानसभा का सत्र बलाने के लिए उप राज्यपाल की मंजूरी की जरूरत होती है लेकिन केजरीवाल ने उसका भी रास्ता निकाल लिया है। कोई भी सत्र जब अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होता है तो उसके बाद स्पीकर की ओर से उसका सत्र-ावसान करना होता है तभी जरूरत पडने़ पर नया सत्र बुलाया जाता है। लेकिन दिल्ली में सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद लंबे समय तक उसका सत्रावसान नहीं किया जाता है। अगर सत्रावसान नहीं होगा तो स्पीकर किसी भी समय फिर से विधानसभा की बैठक बुला सकता है। दिल्ली का बजट सत्र समाप्त हो चुका है लेकिन अभी तक सत्रावसान नहीं हुआ है इसलिए स्पीकर ने विशेष बैठक बुला ली और उसमें केजरीवाल ने जम कर मोदी पर हमला किया।

तभी यह आशंका जताई जा रही है कि कहीं दिल्ली विधानसभा भंग न कर दी जाए। ध्यान रहे 1993 में दिल्ली विधानसभा बहाल हुई थी और पहला चुनाव भाजपा ने जीता था। पहले पांच साल में भाजपा ने तीन मुख्यमंत्री बदले और उसके बाद यानी 1998 से लेकर अभी तक एक बार नहीं जीत पाई है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह के भाजपा की कमान संभालने के बाद भी केजरीवाल ने दो बार भाजपा को बुरी तरह हराया। इसके अलावा देश की राजधानी में आए दिन राज्य और केंद्र सरकार के बीच टकराव होता रहता है। केंद्र सरकार पहले ही कानून बना कर कह चुकी है कि उप राज्यपाल ही सरकार है। इसलिए विधानसभा नहीं भी रहे तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

# मौत को हरा अन्नपूर्णा फतह कर आई बलजीत





चोटी पर चढने़ में सहयोग करने वाले अनुभवी शेरपा उन्हें कंपनी ने उपलब्ध नहीं कराये। नौसिखिये और गैरजिम्मेदार शेरपाओं ने चोटी फतह करने के बाद लौटते वक्त उनकी जान जोखिम में डाल दी। उनके शरीर पर अधिक ऊंचाई पर होने वाली बीमारी का प्रभाव दिखने लगा था। दरअसल, समुद्रतल से एक खास ऊंचाई पर पहुंचने के बाद शरीर में ऑक्सीजन तीव्र गति से घटने लगती है, जिससे दिमाग पर खासा प्रतिकूल असर दिखता है। पर्वतारोहियों का खून जमने से शरीर को लकवा तक मार जाता है।दरअसल, मौत के मुंह से बलजीत की वापसी उसके आत्मबल, एनसीसी के बाद सैन्य प्रशिक्षण, पहाड़ के परिवेश में जीवन–यापन और भयावह परिस्थितियों से साम्य बैठाने के अद्भुत गुण से संभव हो पायी। वह बिना आक्सीजन के घातक परिस्थितियों में शिखर तक की सौ मीटर की दूरी 24 घंटे में पूरी कर सकी। ऐसे हालात में जब जटिल परिस्थितियों में उसका दिमाग भी साथ नहीं दे रहा था, वह हाई ऑल्टीट्यूड सेरेब्रल एडिमा की शिकार हो रही थी।

**अरुण नैथानी**

सोशल मीडिया पर उनको श्रद्धांजलि देने का सिलसिला थम नहीं रहा था। उनके साथ ही लापता आयरलैंड के पर्वतारोही का शव बरामद हो चुका था। जिस इलाके में वह लापता हुई थी, उसे डेथ जोन कहा जाता है। दुनिया की खतरनाक चोटियों में शुमार नेपाल की अन्नपूर्णा चोटी पर लापता हिमाचल की पर्वतारोही बेटी को लेकर कयास लगाये जा रहे थे कि अब वह नहीं लौटेगी। वैसे एक खास ऊंचाई पर विकट हालात में इतने समय तक किसी का जीवित रह पाना संभव ही नहीं होता। बशर्ते कोई करिश्मा न हो। दरअसल, एक खास ऊंचाई के बाद बिना ऑक्सीजन के खतरनाक चोटियों पर चढ़ाई करने वाले पर्वतारोहियों के हाई ऑल्टीट्यूड सेरिब्रल एडिमा का शिकार होने का खतरा बढ़ जाता है। यह स्थिति इतनी भयावह होती है कि आपका दिमाग आपके ही विरुद्ध काम करना शुरू कर देता है। दिमाग सामान्य संवेदनशीलता भी खो देता है। फिर कल्पना की ऐसी दुनिया में ले जाता है, जो मौत की राह बन सकती है। इस स्थिति में थोड़ी देर की नींद भी पर्वतारोही को मौत के आगोश में ले जाती है। ऐसी ही कल्पना इस माह के तीसरे हफ्ते में हिमाचल की पर्वतारोही बलजीत को लेकर भी की जा रही थी।मगर मजबूत इरादों व आत्मविश्वास से भरी बलजीत मौत को हराकर लौट आई। उसने तमाम पर्वतारोहियों व आम लोगों को संदेश दिया कि मनोबल से हारी लड़ाई भी जीती जा सकती है। लगातार अपने दिमाग के प्रतिरोध से जूझते हुए वह निरंतर खुद को बचाने के प्रयास में लगी रही। दिमाग के पूरी तरह साथ न देने के बावजूद उसने टूर पर्वतारोहण में सहयोग करने वाली कंपनी से संपर्क साधने में सफलता पाई। आखिरकार सात हजार छह सौ मीटर की ऊंचाई पर उन्हें हेलिकॉप्टर के जरिये बचा लिया गया। इस स्थान पर वह अर्द्धचेतन अवस्था में गिरते–पड़ते पहुंची। इस तरह वह डेथ जोन से बाहर निकली। दरअसल, एनसीसी के दौरान मिले सैन्य प्रशिक्षण और हिमाचल की पृष्ठभूमि ने उसे इतना मजबूत बनाया कि वह अंतिम समय तक मौत से लड़ती रही। उसके योग के ज्ञान ने भी उसे आंतरिक ताकत दी।दरअसल, कई दुरुह पहाडि़यों पर तिरंगा फहरा चुकी जीवटता की धनी बलजीत ने इस बार अन्नपूर्णा चोटी पर बिना ऑक्सीजन के चढने़ का मन बनाया था। लेकिन पर्वतारोहण में मदद करने वाली कंपनी ने उनके जीवन के साथ खिलवाड़ किया। चोटी पर चढने़ में सहयोग करने वाले अनुभवी शेरपा उन्हें कंपनी ने उपलब्ध नहीं कराये। नौसिखिये और गैरजिम्मेदार शेरपाओं ने चोटी फतह करने के बाद लौटते वक्त उनकी जान जोखिम में डाल दी। उनके शरीर पर अधिक ऊंचाई पर होने वाली बीमारी का प्रभाव दिखने लगा था। दरअसल, समुद्रतल से एक खास ऊंचाई पर पहुंचने के बाद शरीर में ऑक्सीजन तीव्र गति से घटने लगती है, जिससे दिमाग पर खासा प्रतिकूल असर दिखता है। पर्वतारोहियों का खून जमने से शरीर को लकवा तक मार जाता है।दरअसल, मौत के मुंह से बलजीत की वापसी उसके आत्मबल, एनसीसी के बाद सैन्य प्रशिक्षण, पहाड़ के परिवेश में जीवन–यापन और भयावह परिस्थितियों से साम्य बैठाने के अद्भुत गुण से संभव हो पायी। वह बिना आक्सीजन के घातक परिस्थितियों में शिखर तक की सौ मीटर की दूरी 24 घंटे में पूरी कर सकी। ऐसे हालात में जब जटिल परिस्थितियों में उसका दिमाग भी साथ नहीं दे रहा था, वह हाई ऑल्टीट्यूड सेरेब्रल एडिमा की शिकार हो रही थी। उसकी लड़ाई सिर्फ बेहद दुरुह अन्नपूर्णा चोटी की खतरनाक स्थितियों से ही नहीं थी बल्कि उसका दिमाग भी उसके विरुद्ध खड़ा हो गया था। वह दिमाग से भी लड़ रही थी। साढ़े सात हजार मीटर की ऊंचाई पर दिमाग भरमा रहा था कि वह अपने कैंप में लौट आई है। उसे कुछ समय के लिये नींद भी आई। ऐसी स्थितियों में अक्सर पर्वतारोही जान गंवा देते हैं। मगर सेना का प्रशिक्षण उसके काम आया। वह दिमाग की साजिशों से लड़ती रही। वह अपने शरीर को नीचे की ओर घसीट रही थी। वह कुछ मीटर फिसल कर गिरी भी, लेकिन सुरक्षा के लिये बांधे एंकर ने उसे खाइयों में गिरने से बचाया।फिर पर्वतारोहियों की मदद के लिये दिये गये यंत्र गार्मिन डिवाइस के मदद से उसने मददगार कंपनी से संपर्क साधा और आपातकालीन बचाव की गुहार लगायी। कंपनी के आपातकालीन फोन से संपर्क नहीं हुआ तो दूसरे नंबर पर संपर्क साधा। एक घंटे तक कोई जवाब नहीं मिला। खाने–पीने का सामान खत्म हो चुका था। लेकिन परिवार द्वारा दिये गये जीवटता के संस्कारों ने उसे मदद की। उसका दृढ़ विश्वास था कि पर्वत किसी की जान नहीं लेना चाहते हैं। हालांकि खतरनाक अन्नपूर्णा पर्वत पर पर्वतारोहियों की मृत्यु दर पच्चीस फीसदी है। वह खुद को घसीटकर उतर रही थी कि उसका संदेश मिलने के बाद बचाव के लिये हेलिकॉप्टर आए और लॉन्ग लाइन के जरिये उन्हें उठाया गया। फिर उपचार के लिये काठमांडू लाया गया।इस तरह दो दिन दो रात अन्नपूर्णा चोटी पर बिना आक्सीजन के रहने के बाद बच पाना किसी चमत्कार से कम न था। दुनिया उन्हें मृत मान चुकी थी और सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही थी। लेकिन उनकी मां को विश्वास था बेटी लौटेगी और आखिरकार उससे बात भी हुई। उसका उपचार करने वाले डॉक्टर भी उसके जीवित रहने को एक चमत्कार ही मान रहे थे। दुनिया की दसवीं सबसे ऊंची चोटी को फतह करके लौटी बलजीत निस्संदेह जीवटता की मिसाल है। उसे दूसरा जीवन मिला है।

# आई चुनावी ऋतु, आ अब लौट चलें...

वे पांच साल तक सत्ता का उपभोग कर राजधानी के सरकारी आवास में मुफ्त की सुविधाओं का लुफ्त लेते रहे, अब जबकि चुनाव सन्निकट है, वे जनता की ओर लौटने का मन बना रहे हैं। हालांकि, कमरतोड़ महंगाई से आम जनता की कंडीशन बिगड़ती रही, मगर उन्होंने अपने एयर कंडीशन आशियाने से बाहर आने की जहमत नहीं उठाई।

पढ़े–लिखे नौजवान स्कूल–कॉलेजों में लाखों की फीस भरने के बाद नौकरी की गुहार लगाते रहे। भूखे–प्यासे धरने पर बैठे रहे, लेकिन बेरोजगारों को अपने हाल पर छोड़ दिया गया। देश का किसान कभी प्रकृति की मार से तो कभी फसलों के औने–पौने दाम से परेशान होता रहा, पर उन्होंने संवेदनशीलता नहीं दिखाई।लोकतंत्र में चुनाव एक आवश्यक प्रक्रिया है, और हर पांच साल में जनता अपने मताधिकार का उपयोग करती है, इसलिए तमाम दूरियों और असमानता के बावजूद जनता के बीच जाना उनकी मजबूरी है। इसलिए न चाहते हुए भी तंग बस्तियों, धूल भरी सड़कों और गांव की गलियों की ओर लौटना ही पड़ता है।पांच बरस पहले जिन वादों को लेकर वे क्षेत्र के लोगों के बीच गए थे, वे रह–रह कर उनकी




स्मृति में आ रहे हैं। इसके लिए अबकी बार वे नये वादों के साथ–साथ भावनात्मक मायाजाल का भी सहारा लेने से नहीं चूक रहे हैं। जहां जाते हैं, वहीं के मूल निवासी बनने का पूरा प्रयास करते हैं। कई बार तो वे अपनी आधी उम्र के मतदाताओं के चरणों में नतमस्तक हो जाते हैं, अनजान लोगों के बीच बैठकर लम्बी चर्चा करने लगते हैं। जो हमेशा आरओ का बोतल बंद पानी को ही हाथ लगाते हैं, वे आजकल वोट की गुहार करते–करते रास्ते में सड़क किनारे की प्याऊ से प्यास बुझाते देखे जा सकते हैं।इतना ही नहीं, उनको वोट के लिए राह चलती बारात में थिरकते हुए भी देखा जा सकता है। कड़ी धूप में जलसों का प्रतिनिधित्व भी बिना किसी शिकन के करते हुए पाये जाते हैं। शोकसभा हो या शवयात्रा, अपनी उपस्थिति सोशल मीडिया पर अवश्य साझा कर कृत्रिम संवेदना व्यक्त करने में पीछे नहीं रहते हैं।अब चूंकि चुनाव का शंखनाद हो चुका है, वोटों की फसल काटने का मौसम जोरों पर है, इसलिए वे भी आम जनता के बीच लौटने को आतुर हैं, ताकि फिर से जनता के रहनुमा बनकर अपनी राजनीतिक जमीन को बचा सकें। यही कारण है कि वे अब जनता के बीच जाने का पूर्ण मन बना चुके हैं, ताकि लोकतंत्र के साथ–साथ अपनी जड़ें भी मजबूत कर सकें।

## कुदरत का कहर! आकाशीय बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत

**कोलकाता , एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के पांच जिलों में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर कम से कम 14 लोगों की मौत हो गयी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आपदा प्रबंधन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बिजली गिरने से पूर्वी बर्धमान जिले में चार तथा मुर्शिदाबाद और उत्तर–24 परगना में दो–दो लोगों की मौत हो गई। वहीं पश्चिम मिदनापुर और हावड़ा ग्रामीण में तीन–तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि जान गंवाने वाले अधिकतर किसान थे, जो खेतों में काम कर रहे थे।

हाल ही में जौनपुर जिले के चंदवक क्षेत्र के रामगढ़ गांव में खराब मौसम के बीच गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक वृद्ध समेत दो व्यक्तियों की मौत हो गई थी। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया था कि रामगढ़ गांव निवासी संतू राम (65) व जीरा देवी (45) रविवार शाम को बकरी चरा रहे थे। इसी दौरान हवा के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। दोनों बकरियों को लेकर तेज गति से सुरक्षित स्थान पर जा रहे थे कि इसी बीच दोनों आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि इस घटना में दोनों व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## ऑपरेशन कावेरी जारी, सरकार ने सूडान में फंसे भारतीयों के 10वें जत्थे को सुरक्षित निकाला

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत ने हिंसा ग्रस्त सूडान से अपने नागरिकों के 10वें जत्थे को सुरक्षा पूर्वक बाहर निकाल लिया है। उन्हें सूडान पोर्ट से सऊदी शहर जेद्दा लाया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने संघर्षग्रस्त अफ्रीकी देश में ऑपरेशन कावेरी जारी रखा है। सूडान की सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच चल रहे शसस्त्र संघर्ष के बीच इस बचाव अभियान के तहत भारत सूडान में फंसे अपने लोगों को निकाल रहा है।

देश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शुक्रवार को ट्वीट किया कि ऑपरेशन कावेरी जारी है। भारतीय वायुसेना के ष्ट–130छ्व फ्लाइट में 135 यात्रियों के साथ 10वां जत्था पोर्ट सूडान से जेद्दा के लिए रवाना हुआ। इससे पहले एक ट्वीट में उन्होंने लिखा कि आईएनएस तरकश ने ऑपरेशन कावेरी के प्रयासों को बल दिया! भारतीयों का 9वां जत्था पोर्ट सूडान से 326 यात्रियों को लेकर जेद्दा के लिए रवाना हुआ है।भारत ने जेद्दाह में एक ट्रांजिट फैसिलिटी स्थापित की है और विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन सऊदी अरब शहर से निकासी मिशन की देखरेख कर रहे हैं।

# रेल राज्यमंत्री ने अंजी खड्ड रेल पुल का किया निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**दिल्ली :** केंद्रीय कपड़ा और रेल राज्यमंत्री, श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश ने गुरूवार देर सांय को कश्मीर घाटी में भारतीय रेल पर भारत के पहले केबल आधारित रेल पुल, अंजी खड्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी माही ने मंत्री को परियोजना की स्थिति तथा अंजी खड्ड रेल पुल की विशेषताओं के बारे में बताया।

अंजी खड्ड रेल पुल का दौरा करने और उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान मंत्री ने भारतीय रेलवे को दुनिया की श्रेष्ठ रेलवे बनाने के लिए किए जाने वाली प्रयासों के लिए भारतीय रेल की सराहना की। भौगोलिक और जलवायु संबंधी चुनौतियों को पार करते हुए, रेलवे इंजीनियरों और अधिकारियों ने असंभव को संभव कर दिखाया है। देश का पहला केबल आधारित रेल पुल, अंजी खड्ड ब्रिज, जम्मू एवं कश्मीर में ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के सबसे महत्वपूर्ण भागों में से एक है। यह एक सेंट्रल पायलन की धुरी पर संतुलित एक असममित केबल आधारित पुल है, जो विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले हिमालय के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में बनाया जा रहा है। सभी तकनीकी बाधाओं के बावजूद 11 महीनों के रिकॉर्ड समय में 26 अप्रैल, 2023 को इस पुल की सभी 96 केबलों को उनकी सही स्थिति में लगाकर इतिहास रचा गया है। भारतीय रेल पर बन रहा अंजी खड्ड ब्रिज इंजीनियरिंग का एक शानदार उदाहरण है, जिसे ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के अंतर्गत जम्मू एवं कश्मीर में कटड़ा और रियासी को जोड़ने के लिए तैयार किया जा रहा है। यह असममित केबल आधारित पुल अंजी नदी, जोकि चिनाब नदी की एक सहायक नदी है, के गहरे खड्डों को पार करता है। यह पुल कटड़ा छोर पर सुरंग टी-2 और रियासी छोर पर सुरंग टी-3 को जोड़ता है। इस पुल की कुल लंबाई 725 मीटर है, जिसमें 473 मीटर लंबा



केंद्रीय रेल राज्यमंत्री, श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश का निरीक्षण करते हुए।

असममित केबल आधारित पुल शामिल है, जो नींव के शीर्ष से 193 मीटर की ऊंचाई वाले सेन्ट्रल पायलन की धुरी पर संतुलित है और जो नदी के तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस केबल आधारित पुल में उत्तरी छोर (कटड़ा की ओर) पर 290 मीटर का स्पैन और दक्षिणी छोर (रियासी की ओर) पर 183 मीटर का स्पैन है। इस पुल पर इकहरी लाइन का रेलपथ है और 3.75 मीटर चौड़ी सर्विस रोड़ है। इस पुल के स्ट्रैण्ड 15.7 एमएम व्यास के साथ डिजाइन किये गये हैं और इन स्ट्रैण्डों पर सुरक्षा की तीन परतें जिंक कोटिड, वैक्स फिल्ड प्लस पीयू/एचडीपीई कवर है। इन केबलों की लंबाई 80 मीटर से लेकर 295 मीटर तक है । इन स्टे केबलों में 31, 37 और 43 स्ट्रैण्ड हैं। अंजी केबल पुल को कुल 96 केबलों अर्थात् प्रत्येक लेटरल और सेंट्रल स्पैनों पर 48 केबलों के अनुसार डिजाइन किया गया है। इन केबलों का कुल भार 848.7 एमटी है और इसमें शामिल केबल स्ट्रैण्डों की कुल लंबाई 653 किलोमीटर है। भारतीय रेल दिन प्रतिदिन, कश्मीर घाटी को रेल नेटवर्क से जोड़ने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर मंत्री के साथ यूएसबीआरएल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एसपी माही, केआरसीएल के ईडी, आरके हेगड़े, उत्तर रेलवे व केआरसीएल की टीम के लोग भी उपस्थित थे।

## गतिरोध खत्म करने को पाक सरकार व पीटीआई के बीच बातचीत

**इस्लामाबाद , एजेंसी।।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार और उसके कट्टर प्रतिद्वंद्वी इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) ने देश में चल रहे गतिरोध और राजनीतिक अशांति को खत्म करने की उम्मीद के साथ बातचीत शुरू कर दी है। गुरुवार को दोनों पक्षों के बीच औपचारिक वार्ता का पहला दौर हुआ, इसमें दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद में संसद भवन में मेज के सामने बैठे।

टेबल वार्ता करने के निर्णय को देश में जारी राजनीतिक अराजकता को समाप्त करने के लिए दोनों पक्षों की ओर से एक बड़ी सफलता और पहले सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

दोनों पक्षों ने विस्तार से चर्चा की और देश में एक बार में चुनाव कराने पर आम सहमति बनाने की मांग करते हुए एक–दूसरे के सामने अपनी मांगों को रखा। सूत्रों ने पुष्टि की कि बैठक कम से कम दो घंटे तक चली और अगले सत्र में शुक्रवार को इसे आगे बढ़ाया जाएगा।

पीडीएम प्रतिनिधिमंडल में वित्त मंत्री इशाक डार, रेल मंत्री ख्वाजा साद रफीक, कानून मंत्री आजम नजीर तरार, आर्थिक मामलों के मंत्री अयाज सादिक, वाणिज्य मंत्री सैयद नवीद कमर, पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के वरिष्ठ नेता सैयद यूसुफ रजा गिलानी व मुताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान की खिश्वार जहरा शामिल थे।

दूसरी ओर, पीटीआई के प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विदेश मंत्री और उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी, पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी और सीनेटर अली जफर शामिल थे।

## भाजपा के 12 घंटे के बंद के दौरान उत्तर बंगाल में जनजीवन प्रभावित

**कोलकाता , एजेंसी।** उत्तरी दिनाजपुर जिले के कालियागंज में एक राजबंगशी युवक और पार्टी कार्यकर्ता मृत्युंजय बर्मन की कथित तौर पर पुलिस फायरिंग में मौत को लेकर भाजपा द्वारा 12 घंटे के बंद के आह्वान के बाद शुक्रवार को उत्तर बंगाल के आठ जिलों में सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। कूचबिहार जिले में शुक्रवार सुबह सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। भाजपा नेतृत्व ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा समर्थित गुंडों ने उनके समर्थकों पर अकारण हमले किए, जबकि भाजपा समर्थक 12 घंटे के बंद के समर्थन में शांतिपूर्ण धरना दे रहे थे।

वहीं, तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा बंद को लेकर जिले में सामान्य जनजीवन को बाधित करने के भाजपा समर्थकों के जबरदस्ती प्रयास के खिलाफ स्थानीय लोगों के विरोध के बाद झड़पें हुईं। सत्तारूढ़ दल के नेतृत्व ने यह भी आरोप लगाया कि बंद को लागू कराने के लिए भाजपा समर्थकों ने यात्रियों को ले जा रही बसों पर पथराव किया।

कूचबिहार जिले में कई जगहों पर भाजपा समर्थक सड़क जाम कर टायर जलाकर विरोध जताते देखे गए।जलपाईगुड़ी जिले से भी पुलिस बलों और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प की सूचना मिली है।

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी के लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी शुक्रवार को जिले में जनसभा करने वाले हैं, जिले में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। शुक्रवार सुबह से सुरक्षाकर्मियों ने भाजपा समर्थकों को बंद लागू करने से रोकने की कोशिश की, जिसके परिणामस्वरूप जिले के कुछ हिस्सों में झड़पें भी हुईं।

जलपाईगुड़ी जिले के कुमारग्राम विधानसभा क्षेत्र से पार्टी विधायक सहित कुल 16 भाजपा समर्थकों को शुक्रवार सुबह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जब वे बंद के समर्थन में धरना दे रहे थे।

दार्जिलिंग जिले के प्रमुख शहर सिलीगुड़ी में भी तनाव फैल गया क्योंकि स्थानीय पार्टी विधायक शंकर घोष के नेतृत्व में भाजपा समर्थकों ने पुलिस वाहनों के सामने बैठकर विरोध करना शुरू कर दिया। इस पर पुलिस कर्मियों और आक्रोशित भाजपा समर्थकों के बीच धक्का–मुक्की हो गई। घोष को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। घोष ने कहा, पुलिस सत्ताधारी पार्टी के एजेंट के रूप में काम कर रही है। एक राजबंशी युवक को पुलिस ने गोली मार दी। भाजपा में विरोध में सड़कों पर उतरने का साहस था।

## आयकर विभाग ने मुख्तार अंसारी को भेजा नोटिस

**लखनऊ, एजेंसी।** माफिया डॉन से नेता बने मुख्तार अंसारी को आयकर (आई–टी) विभाग ने बांदा जेल में नोटिस भेजा है, जहां वह वर्तमान में बंद है। नोटिस विभाग की हालिया कार्यवाही से संबंधित है, जिसमें अंसारी की 12 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति कुर्क की गई थी। पता चला कि संपत्ति गणेश दत्त मिश्रा के नाम पर पंजीकृत है।

नोटिस में जांच के लिए मिश्रा के साथ अंसारी के संबंध का ब्योरा मांगा गया है। एक वरिष्ठ जेल अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। आईटी के सूत्रों ने कहा कि अंसारी की 23 और बेनामी संपत्तियों का पता लगाया गया है। सूत्रों ने बताया कि गाजीपुर में मिश्रा के नाम दर्ज संपत्ति 0.207 हेक्टेयर है और इसकी कीमत 12 करोड़ रुपये है। रिकॉर्ड खंगालने पर अधिकारियों ने पाया कि मौजा कुपुरपुर में जमीन की रजिस्ट्री 25 नवंबर, 2017 को हुई थी।

## रूस से तेल खरीदेगा पाकिस्तान, अमेरिका को कोई आपत्ति नहीं

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत मसूद खान ने इस बात की पुष्टि की है कि इस्लामाबाद रूस से रियायती दरों पर कच्चा तेल खरीद रहा है।

पाकिस्तान और अमेरिका के बीच संबंधों के भविष्य पर विल्सन सेंटर के दक्षिण एशिया संस्थान द्वारा वाशिंगटन डीसी में एक सम्मेलन में बोलते हुए खान ने कहा कि वाशिंगटन के साथ सकारात्मक परामर्श के बाद इस्लामाबाद ने रूसी तेल के लिए अपना पहला ऑर्डर दिया था।

दूत ने कहा, हमने रूसी तेल के लिए पहला ऑर्डर दिया है, और यह अमेरिकी सरकार के परामर्श से किया गया है। इस गिनती पर वाशिंगटन और इस्लामाबाद के बीच कोई गलतफहमी नहीं है।

दूत ने कहा, उन्होंने (अमेरिका) सुझाव दिया है कि हम प्राइस कैप से नीचे या ऊपर कुछ भी खरीदने के लिए स्वतंत्र हैं और हमने उस समझौते का पालन किया है। मुझे लगता है कि वाशिंगटन को कोई आपत्ति नहीं है।

खान के बयान को अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रतिध्वनित किया, जिन्होंने कहा कि प्रशासन ने इस सौदे का विरोध नहीं किया।

पटेल ने कहा, हर एक देश अपने फैसले खुद ले रहा है क्योंकि यह अपनी ऊर्जा आपूर्ति से संबंधित है। उन्होंने कहा कि बाइडेन प्रशासन ने इस तरह की खरीद के लिए दरवाजे और विकल्प खुले छोड़ दिए थे, नीति में बदलाव जिसने पिछले साल मास्को पर हमला करने और यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद रूसी तेल पर राज्यों को प्रतिबंधित कर दिया था।

उन्होंने कहा, जी7 के माध्यम से अमेरिका, मूल्य कैप का एक बड़ा समर्थक रहा है, इसका एक कारण यह सुनिश्चित करना है कि रूसी ऊर्जा को बाजार से दूर रखने के लिए कदम नहीं उठाए जा रहे हैं क्योंकि हम समझते हैं कि आपूर्ति की मांग है।

रूस से कच्चे तेल के आयात की खबर की पुष्टि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी की, जिन्होंने कहा कि उनकी सरकार कच्चे तेल की पहली खेप प्राप्त करने के लिए तैयार है।

यह निर्णय बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह न केवल नकदी की तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान का समर्थन करता है और राहत देता है, बल्कि यह सरकार के लिए एक सकारात्मक विश्वास को भी बढ़ावा देता है जो पाकिस्तान के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की महत्वपूर्ण वित्तीय योजना के पुनरुद्धार की प्रतीक्षा के आलोक में भुगतान संकट के संतुलन को टालने के लिए संघर्ष कर रही है।

## मणिपुर में सीएम के दौरे से पहले भीड़ ने कार्यक्रम स्थल को लगाई आग, धारा 144 लागू, इंटरनेट भी बंद

**मणिपुर , एजेंसी।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के दौरे से एक दिन पहले भीड़ ने कार्यक्रम स्थल पर आग लगा दी थी। घटना के बाद, जिले में इंटरनेट पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही धारा 144 लागू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि बीती रात करीब 9 बजे अनियंत्रित भीड़ ने इस घटना को अंजाम दिया गया। यहां मुख्यमंत्री शुक्रवार को जिम सह खेल सुविधा का उद्घाटन करने वाले थे।घटना के बाद, इंटरनेट पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है और चुराचांदपुर में धारा 144 लागू कर दी गई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में आक्रोशित भीड़ को आयोजन स्थल के अंदर कुर्सियों और अन्य संपत्तियों को तोड़ते देखा जा सकता है। तोडफ़ोड़ के बाद आक्रोशित भीड़ ने नवनिर्मित जिम के खेल उपकरणों में भी आग लगा दी।घटना की जानकारी के बाद, स्थानीय पुलिस तुरंत कार्रवाई में जुट गई और भीड़ को तितर–बितर कर दिया, लेकिन सैकड़ों जलती हुई कुर्सियों से कार्यक्रम स्थल को पहले ही नुकसान हो चुका था। जैसे ही स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई, चुराचंदपुर प्रशासन ने जिले में सुरक्षा बढ़ा दी, लेकिन स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है।पुलिस ने बताया कि उत्तेजित भीड़ ने न्यू लमका में पीटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में नए सेट–अप ओपन जिम को आंशिक रूप से आग के हवाले कर दिया, जिसका उद्घाटन बीरेन सिंह करने वाले थे। जिला प्रशासन ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि हिंसा के कारण मुख्यमंत्री का कार्यक्रम रद्द किया गया है या नहीं।कथित तौर पर भीड़ की हिंसा का नेतृत्व स्वदेशी जनजातीय नेताओं के मंच ने किया था, जो आर्द्रभूमि के अलावा आरक्षित और संरक्षित वन क्षेत्रों के भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के सर्वेक्षण पर आपत्ति जताता रहा है।

जनजातीय मंच ने राज्य सरकार पर गिरजाघरों को गिराने का आरोप लगाया।

मंच ने एक बयान में कहा कि वह सरकार के खिलाफ असहयोग अभियान चलाने के लिए मजबूर हो गया है और इस तरह उसके कार्यक्रमों में बाधा डाल रहा है और शुक्रवार को सुबह 8 बजे से जिले में आठ घंटे की हड़ताल का भी आह्वान किया है।

राज्य के आदिवासियों के प्रति सौतेला व्यवहार करने के आरोपों के साथ कुकी छात्र संगठन ने भी मंच का समर्थन किया है।बता दें कि मणिपुर सरकार ने इस महीने की शुरुआत में कथित तौर पर राज्य में तीन चर्चों को यह कहते हुए ध्वस्त कर दिया था कि ये अवैध रूप से बनाए गए थे।

उत्तर रेलवे
नोटिस

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक उ० रे० मुरादाबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुरादाबाद मण्डल के निम्नलिखित हाल्ट स्टेशन पर टिकिट बुकिंग अभिकर्ता कि नियुक्ति किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र आमंत्रित किये जाने है।

| क्रम सं० | हाल्ट का नाम | सेवित स्टेशन | किन–किन स्टेशन के बीच |
|---|---|---|---|
| 1 | बहादुरपुर | शाहजहांपुर | बन्थरा–तिलहर |
| 2 | फतेहपुर चोरासी | बालामऊ | बांगरमऊ–सफीपुर |
| 3 | आध्यात्मिक नगर | हापुड़ | डासना–महरौली |
| 4 | सिरसी मक्दुमपुर | राजा का सहसपुर | राजा का सहसपुर–संभल हातिमसराय |
| 5 | चांदसारा | हापुड़ | खरखोदा–नूरनगर |
| 6 | सुन्हेटी खड़खड़ी | बलियाखेड़ी | बलियाखेड़ी–चुडियाला |

सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन दि० 25.05.2023 को 10:00 बजे से 14.00 बजे तक सहायक वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय मंडल रेल प्रबन्धक, उ० रे० मुरादाबाद के कमरे में रखे हुये बॉक्स में डाले जायेंगे तथा 14.00 बजे के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उसी तिथि में 15:00 बजे आवेदनकर्ता या उनके प्रतिनिधियों के सामने आवेदन खोले जायेंगे। यदि दिनांक 25.05.2023 को कोई अवकाश होता है तो आवेदन अगले कार्य दिवस में यथा समय डाले व खोले जायेंगे।

आवेदन पत्र पात्रता, नियम व शर्तों का पूर्ण विवरण उ० रे० की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है या मण्डल रेल प्रबन्धक वाणिज्य शाखा से जानकारी ली जा सकती है।


विलम्ब से प्राप्त हुए आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अधिसूचना – सं० 20–हाल्ट ठेका आवंटन–मुरादाबाद मंडल–2023सी
दिनांक 28.04.2023 1286/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भाजपा–कांग्रेस में ठनी, ईसी के पास पहुंचा मामला, शाह–योगी को चुनाव प्रचार से अलग करने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के लिए



मतदान में दो सप्ताह से भी कम समय शेष रह गया है। राज्य में भाजपा और कांग्रेस का चुनाव प्रचार अभियान चरम पर है। इस बीच दोनों पार्टियों के बीच तीखे बयानबाजी का दौर भी तेज हो गया है। दोनों पार्टियों के दिग्गज नेता एक–दूसरे पर जमकर हमला कर रहे हैं। लेकिन अब यह मामला चुनाव आयोग के पास पहुंच गया है।

एक तरफ कांग्रेस ने चुनाव आयोग से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चुनाव प्रचार से अलग करने की मांग की। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा ने 'जहरीले सांप' वाले बयान को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे को चुनाव प्रचार से रोकने और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

कांग्रेस ने शुक्रवार को चुनाव आयोग से अमित शाह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ कथित बयानों के लिए कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करने से रोकने का अनुरोध किया।

अभिषेक सिंघवी, पवन कुमार बंसल और मुकुल वासनिक सहित कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों से मुलाकात की और चुनाव निकाय से अनुरोध किया कि राज्य में एक समान अवसर सुनिश्चित किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि अमित शाह और योगी आदित्यनाथ ने कर्नाटक में चुनावी लाभ के लिए चुनाव प्रचार के दौरान झूठे, पक्षपातपूर्ण और सांप्रदायिक बयान दिए। उन्होंने मांग की कि उन्हें राज्य में प्रचार करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को इन नेताओं के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

चुनाव आयोग के कार्यालय के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए सिंघवी ने कहा, हमने अभी–अभी चुनाव आयोग के साथ बहुत ही लाभदायक और महत्वपूर्ण बैठक समाप्त की।हमने विशेष रूप से भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, विशेष रूप से गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की ओर से किए जाने वाले अत्यधिक आपत्तिजनक, स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण, सांप्रदायिक और झूठे बयानों के बारे में शिकायत की।

सिंघवी ने कहा, उन्होंने स्पष्ट रूप से अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ बयान दिए हैं... हमने ऐसे लोगों के प्रचार करने पर रोक लगाने की मांग की है।भाजपा नेता बासनगौड़ा पाटिल यतनाल द्वारा सोनिया गांधी के खिलाफ की गई 'विषकन्या' टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर सिंघवी ने कहा कि पार्टी चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाने सहित सभी उपलब्ध कानूनी विकल्पों का उपयोग करेगी। उन्होंने कहा, यह सोनिया गांधी के खिलाफ बेहद अपमानजनक और गंदे स्तर की टिप्पणी है... हम चुनाव आयोग सहित सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल करेंगे।

कांग्रेस के बाद भाजपा ने भी चुनाव आयोग से मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने और उन्हें कर्नाटक विधानसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने का अनुरोध किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 'जहरीले सांप' वाले बयान के लिए कांग्रेस अध्यक्ष पर हमला तेज कर दिया। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिला। उन्होंने ने संवाददाताओं से कहा कि खरगे की टिप्पणी केवल जुबान फिसलने वाली नहीं है बल्कि कांग्रेस की "घृणा की राजनीति" का हिस्सा है। उन्होंने पार्टी पर वैमनस्य फैलाने और दक्षिणी राज्य में उच्च–दांव वाले चुनावों से पहले लोगों को भड़काने का आरोप लगाया।

भाजपा महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि खरगे एक "आदतन अपराधी" हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने पीएम मोदी पर कई "घृणित" व्यक्तिगत हमले किए हैं। भाजपा ने आईपीसी की धारा 499 और 500 जो मानहानि से संबंधित है और धारा 504 जो जानबूझकर अपमान और उकसावे के अपराध से संबंधित है, के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी और पार्टी नेता ओम पाठक भी शामिल थे।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

निविदा सूचना सं. 17/2023 दिनांक : 25.04.2023

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है। | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 31/वरिष्ठ मं. वि. अभि./सा./मुरा. /2023 :– ABSS के लिए विद्युत कार्य: अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के नगीना, शिवहरा, गजरौला, नजीबाबाद और हर्रावाला स्टेशन का उन्नयन (मुखौटा) | 21861239.88 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 259300.00 | 5 (पाँच) माह | निविदायें दिनांक 18.05.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय /उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |
| 2 | 32/वरिष्ठ मं. वि. अभि./सा./मुरा. /2023:– ABSS के लिए विद्युत कार्य: अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के रूड़की, कोटद्वार, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ और बुलंदशहर स्टेशनों का उन्नयन (मुखौटा) | 16248963.36 (जीएसटी सहित) | | 231300.00 | 5 (पाँच) माह | निविदायें दिनांक 18.05.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | |

1267/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 10 साल बाद टूटने से बचा महा रिकॉर्ड, इतिहास में बनाया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर



नई दिल्ली, लखनऊ सुपरजायंट्स ने शुक्रवार को आईपीएल 2023 के 38वें मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ रनों की बारिश की और एक खास उपलब्धि अपने नाम की। केएल राहुल के नेतृत्व वाली लखनऊ सुपरजायंट्स ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करके 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 257 रन बनाए।लखनऊसुपरजायंट्स की टीम हालांकि आईपीएल में सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ने से 6 रन से चूक गई। आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड रॉयल चॉलेंजर्स बैंगलोर के नाम दर्ज है। 23 अप्रैल 2013 के दिन आरसीबी ने बेंगलुरु में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 263 रन बनाए थे। 10 साल पहले बना यह रिकॉर्ड अब भी कायम है।

बता दें कि लखनऊ सुपरजायंट्स ने काइल मेयर्स (54), आयुष बदोनी (43), मार्कस स्टोइनिस (72) और निकोलस पूरन (45) की उम्दा पारियों की बदौलत 20 ओवर में 257/5 का स्कोर बनाया। इस दौरान लखनऊ के बल्लेबाजों ने 192 रन बाउंड्री के जरिये बनाए। एलएसजी के बल्लेबाजों ने कुल 27 चौके और 14 छक्के लगाए।

**आईपीएल इतिहास में टीम के टॉप–5 सबसे बड़े स्कोर**

आरसीबी – 263/5 (2013)
एलएसजी – 257/5 (2023*)
आरसीबी – 248/3 (2016)
सीएसके – 246/5 (2010)
केकेआर – 245/6 (2018)

लखनऊ सुपरजायंट्स ने आईपीएल 2023 के 38वें मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी के आमंत्रण को स्वीकार किया और मोहाली के मैदान में चौके–छक्के की बारिश की।

मार्कस स्टोइनिस टीम के सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे, जिन्होंने 40 गेंदों में 6 चौके और पांच छक्के की मदद से 72 रन बनाए। इससे पहले काइल मेयर्स ने टीम को धमाकेदार शुरुआत दिलाई और 24 गेंदों में सात चौके व चार छक्के की मदद से 54 रन बनाए।

आयुष बदोनी ने 24 गेंदों में तीन चौके व इतने ही छक्के की मदद से 43 रन बनाए। अंतिम ओवरों में निकोलस पूरन ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की और 19 गेंदों में सात चौके व एक छक्के की मदद से 45 रन बनाए।

## कैच लपककर धवन ने स्टाइल में मनाया जश्न, प्रीति जिंटा ने इस तरह लूटी महफिल



नई दिल्ली, । मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में आईपीएल 2023 का 38वां मुकाबला पंजाब किंग्स और लखनऊसुपर जायटंस (ढइङर ५२ छर्) के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में पंजाब टीम के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ सुपर जायटंस की बल्लेबाजी बेहद ही धमाकेदार नजर आ रही है।

लखनऊटीम ने महज 7.4 ओवर में ही 100 रन बना लिए। टीम की तरफ से काइल मेयर्स ने विस्फोटकीय अंदाज में 20 गेंदों पर अपना अर्धशतक जड़ा, लेकिन इस ओवर की आखिरी गेंद पर रबाडा ने मायर्स को शिखर धवन के हाथों कैच आउट कराया और उन्हें पवेलियन का रास्ता दिखाया। इस दौरान काइल को आउट होता देख स्टैंड्स में बैठी पंजाब किंग्स की सहमालिकन प्रीति जिंटा खुशी के मारे झूमते हुए नजर आई।

दरअसल, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने आई लखनऊसुपर जायंट्स के लिए पारी का आगाज केएल राहुल के साथ काइल मायर्स करने आए। मैच में कप्तान राहुल का बल्ला खामोश रहा। राहुल महज 9 गेंदों का सामना करते हुए 12 रन बनाकर आउट हुए। लेकिन मायर्स ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए सबको अपना दीवाना बना दिया।

इस मुकाबले में उन्होंने 20 गेंद में छह चौके और चार छक्के की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अर्धशतक के बाद वह 54 रन के स्कोर पर कागिसो रबाडा का शिकार बने और शिखर धवन ने उनका कैच लपक लिया। इस दौरान शिखर धवन कैच पकड़ने के बाद मैदान पर जश्न मनाते हुए दिखें। वहीं, प्रीति जिंटा का रिएक्शन तेजी से वायरल हो गया। प्रीति स्टैंड्स में बैठी काफी खुश नजर आई।

# भारतीय टेस्ट टीम में वापसी के बाद अजिंक्य रहाणे हुए इमोशनल



'नई दिल्ली, अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल 2023 में धमाकेदार कमबैक करते हुए हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया है। उन्होंने सीएसके टीम की तरफ से 5 मैच खेलते हुए अब तक कुल 209 रन बनाए है। उन्हें अपने इस घातक प्रदर्शन का ईनाम भी मिल गया है।

जून में होने वाली आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मैच में अजिंक्य रहाणे की भारतीय टीम में लंबे समय के बाद वापसी हुई है। रहाणे को चोटिल श्रेयस अय्यर की जगह टीम में शामिल किया है, जो कि पीठ की चोट के कारण बाहर ह गए हैं।ऐसे में भारतीय टेस्ट टीम में शानदार वापसी के बाद अपनी ऑफिशियर लिंकडिन प्रोफाइल पर रहाणे का रिएक्शन सामने आया है। उन्होंने इस दौरान अपने क्रिकेट करियर में मुश्किल दिनों को याद करते हुए एक लंबा पोस्ट लिखा है। आइए जानते हैं इस बारे में।दरअसल, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल मैच के लिए भारतीय टेस्ट टीम का एलान हो चुका है। इस स्कॉड में की खिलाड़ियो को बाहर का रास्ता दिखाया गया है, तो वहीं अजिंक्य रहाणे की टीम इंडिया में लंबे समय के बाद शानदार वापसी हुई है। इस बीच रहाणे ने अपनी जिंदगी से जुड़ी कठिनाईयों को याद करते हुए लिखा,''एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में मैंने अपने करियर में उतार–चढ़ाव को देखा है। सफर हमेशा आसान नहीं होता है। ऐसा कई बार होता है जब आपके अनुसार चीजे नहीं चलती है और अंत में नतीजा भी काफी उलटा नजर आता है, लेकिन मैंने अपनी स्ट्रागल लाइफ से ये जरूर सीखा कि अपने प्रोपेस पर अगर आप टिके रहोगे तो नतीजे खुद आपके पक्ष में आते है।'' उन्होंने साथ ही कहा कि मैं अपने करियर को मुड़कर देखता हीं, मुझे एहसास होता कि ये वहीं पल है जिसकी वजह से मैं आज यहां तक पहुंच पाया हूं और मुझे उससे बहुत कुछ सीखने को मिला है। उन पलों ने मुझे एक व्यक्ति और एक क्रिकेटर के रूप में विकसित होने में मदद की हैं।

# जयपुर में जीत के साथ टॉप पर पहुंची राजस्थान

नई दिल्ली, इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल 2023) का शुभारंभ शुक्रवार 31 मार्च से हो गया। आईपीएल के 16वें सीजन का फाइनल 28 मई को अहमदाबाद में खेला जाएगा। आईपीएल 2023 का उद्घाटन मुकाबला गत चैंपियन गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला गया। टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस बार टूर्नामेंट नए तेवर के साथ पुराने अंदाज में लौट रहा है। टीमें होम–एंड–अवे प्रारूप में मैच खेल रही हैं। इंपैक्ट प्लेयर का नियम लागू किया गया है। इस बार 10 फ्रेंचाइजी टीमों को अ और इ ग्रुप में बांटा है।

आईपीएल के 16वें सीजन के 37वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 32 रनों से पटखनी दी और जीत के साथ ही राजस्थान रॉयल्स प्वाइंट्स टेबल पर पहले स्थान पर पहुंची है, जबकि सीएसके टीम के नेट रन रेट में गिरावट आई है और सीएसके टीम इस हार के साथ तीसरे पायदान पर पहुंची है। आइए देखते हैं केकेआर की इस जीत के बाद प्वॉइंट्स टेबल का ताजा हाल।

| टीम | मैच | हार | जीत | टाई | नेट रन रेट | अंक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुंबई इंडियंस | | 7 | 4 | 3 | | −0.620 | 6 |
| कोलकाता नाईट राइडर्स | | | 8 | 5 | 3 | +0.027 | 6 |
| राजस्थान रॉयल्स | | 8 | 3 | 5 | | +0.939 | 10 |
| दिल्ली कैपिटल्स | | 7 | 5 | 2 | | −0.961 | 4 |
| लखनऊसुपरजायंट्स | | | 7 | 3 | 4 | +0.547 | 8 |

12 शहर मैच की करेंगे मेजबानी

गौरतलब हो कि 2018 के बाद सभी टीमें होम–एंड–अवे फॉर्मेट में मैच खेलेंगी। मतलब सभी 10 टीमें अपने–अपने होम ग्राउंड में कुछ मैच खेलेंगी और कुछ मैच दूसरी टीम के होम ग्राउंड पर।

इस बार टूर्नामेंट को 12 शहरों में आयोजित किया जा रहा है। अहमदाबाद, मोहाली, लखनऊ हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता, जयपुर, मुंबई, गुवाहाटी और धर्मशाला



को आईपीएल मैच की मेजबानी करने का मौका मिला है।

**दोनों ग्रुप में शामिल टीमें**

बता दें कि आईपीएल में 10 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। दोनों ग्रुप में शामिल टीमें 14–14 मैच खेलेंगी।

प्रत्येक ग्रुप की टॉप दो टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालीफाइ करेंगी। ग्रुप–अ में मुंबई इंडियंस ,कोलकाता नाइट राइडर्स ),राजस्थान रॉयल्स दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजायंट्स शामिल है। जबकि, ग्रुप–इ में चेन्नई सुपर किंग्स , सनराइजर्स हैदराबाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स को रखा गया है।

# फिल्मी सफर

## नमोशी और अमरीन ने डेब्यू फिल्म में जीते दिल, फिल्म की कमजोर कड़ी बने अतीत



कलात्मक फिल्मों के दिग्गज निर्देशक गोविंद निहलानी के सहायक के रूप में अपना फिल्मी सफर शुरू करने वाले राजकुमार संतोषी ने हिंदी सिनेमा को चंद बेहतरीन फिल्में दी हैं। सनी देओल ने उन्हें फिल्म घायल से स्थापित होने का मौका दिया। बॉबी देओल की बड़े परदे पर फिल्म बरसातह्ल से लॉन्चिंग के लिए उन पर भरोसा किया। रणबीर कपूर और कैटरीना कैफ की फिल्म अजब प्रेम की गजब कहानी उनकी आखिरी कामयाब फिल्म मानी जाती है। बीच में उन्होंने द लेजेंड ऑफ भगत सिंहह्ल और खाकी जैसी ऐसी फिल्में भी दी जिससे लगने लगा था कि वह बदलते दौर के साथ खुद को बदल रहे हैं। निर्माता साजिद कुरैशी ने अपनी बेटी अमरीन और सुपरस्टार रहे मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमोशी की लॉन्चिंग के लिए उन पर शायद इसी के चलते भरोसा किया लेकिन फिल्म बैड बॉय की सबसे कमजोर कड़ी अगर कोई है, तो वह राजकुमार संतोषी की कहानी और उनका निर्देशन ही है। अपनी पहली फिल्म के हिसाब से नमोशी और अमरीन दोनों ने कैमरे के सामने काफी मेहनत की है और आने वाले दिनों के लिए उम्मीद भी जगाई है।

**संपादन ने फिल्म को बचाया**

खैर, एक कमजोर कहानी के बावजूद राजकुमार संतोषी ने एक ऐसी फिल्म बनाने की कोशिश की है जिसे पूरे परिवार के साथ बैठकर कम से कम एक बार तो देखा ही जा सकता है। और, इसके लिए तारीफ के जितने हकदार फिल्म के कलाकार हैं, उतनी ही तारीफ फिल्म के एडीटर की भी बनती है। फिल्म की पैकेजिंग शायद नए सिरे से दोबारा की गई है, बीच बीच में ग्राफिक्स का इस्तेमाल अच्छा है। और, शूटिंग के दौरान बनी रही दिक्कतों को काफी हद तक इसके चलते दूर भी किया गया है। स्टीवन बर्नार्ड और उनकी टीम इसके लिए तारीफ के हकदार हैं।

रही बात संतोषी के निर्देशन की तो पूरी फिल्म में कहीं वह अपने निर्देशन की छाप छोड़ पाने में पूरी तरह विफल रहे हैं। कभी दर्शक पोस्टर पर सिर्फ उनका नाम पढ़कर फिल्म देखने के लिए लालायित हो जाते रहे हैं, लेकिन फटा पोस्टर निकला हीरो के बाद से उनका करिश्माई अंदाज गायब है, और उसका सीधा नुकसान फिल्म बैड बॉयह्ल को उठाना पड़ सकता है।

## केजीएफ के निमार्ताओं ने अपनी मलयालम फिल्म धूमम का फर्स्ट लुक किया जारी

मेगा–ब्लॉकबस्टर केजीएफ के साथ इंडस्ट्री में एक अलग जगह बनाने के बाद, प्रोडक्शन हाउस होम्बले फिल्म्स फहद फासिल और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अपर्णा बालमुरली अभिनीत धूमम के साथ धमाल मचाने के लिए तैयार है।मुहूर्त शॉट के साथ फिल्म की घोषणा के बाद, निमार्ताओं ने अब धूमम का पहला लुक जारी कर दिया है।धूमम के फर्स्ट लुक पोस्टर को साझा करते हुए, होमेबल फिल्म्स ने फहद फासिल और अपर्णा बालमुरली की विशेषता वाले दिलचस्प और आकर्षक फर्स्ट लुक को साझा किया। उन्होंने कैप्शन दिया: आग के बिना कोई धुआं नहीं उठता, यह पहली चिंगारी है।पवन कुमार के निर्देशन में बनी धूमम मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में टायसन की घोषणा के बाद होम्बले फिल्म्स की ओर से दूसरी घोषणा है।धूमम एक थ्रिलर फिल्म है, जो 4 भाषाओं में रिलीज होगी: मलयालम, कन्नड़, तमिल और तेलुगु।

## हेतल यादव ने कोरियोग्राफी से लेकर अभिनय और गृहिणी बनने तक सब कुछ किया है



अभिनेत्री हेतल यादव, जिन्होंने एक कोरियोग्राफर के रूप में अपना करियर शुरू किया था और इस समय धारावाहिक इमली में शिवानी के रूप में नजर आ रही हैं,

उन्होंने इस बारे में बात की कि कैसे एक महिला शादी करने के बाद अपने जीवन के शुरुआती वर्षों को याद करती है। उन्होंने एक सामान्य व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन को बनाए रखने में आने वाली कठिनाइयों के बारे में अपना उदाहरण दिया।

उन्होंने कहा : हां, न केवल एक अभिनेत्री के रूप में, बल्कि किसी भी पेशे में एक कामकाजी महिला होने के नाते हम बहुत सारी चीजों और प्रोजेक्टों से बाहर हो जाते हैं, क्योंकि हमें परिवार और बच्चों को चुनना होता है, लेकिन तब आप भी अपने परिवार को चुनने में खुशी महसूस करते हैं। एक समय था, जब मेरे बेटे को मेरी सबसे ज्यादा जरूरत थी। लेकिन अब, जब वह एक सज्जन व्यक्ति है तो मुझे लगता है कि अब मुझे अपने कार्यक्षेत्र में चमकने का समय है।अभिनेत्री, जिन्हें बैरिस्टर बाबू में भी देखा गया था, ने कहा : मुझे इस बात का बहुत दुख होता था कि मुझे अपने बेटे को पीछे छोडऩा पड़ा और सेट पर काम करने के लिए रिपोर्ट करना पड़ी। मैं पहले से ही कई एक्टिंग गिग्स कर रही थी और कोरियोग्राफर थी। लेकिन, मेरी मां और मेरी बहन ने मेरे बेटे की अच्छी देखभाल की, इसलिए मैं काम पर थोड़ा तनाव मुक्त रहती थी। आज, वह मेरा ख्याल रखता है और मुझे किसी और से बेहतर समझता है।

## कार्तिक आर्यन, कबीर खान मई में अपनी अगली फिल्म की शूटिंग करेंगे शुरू



भूल भुलैया 2, धमाका, प्यार का पंचनामा और सोनू के टीटू की स्वीटी जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए पहचाने जाने वाले कार्तिक आर्यन अगले महीने बजरंगी भाईजान और एक था टाइगर फेम कबीर खान द्वारा निर्देशित अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। कबीर की आखिरी निर्देशित फिल्म 83 के विपरीत, जिसमें 1983 के विश्व कप विजेता टीम के राष्ट्रीय नायकों की कहानी बताई गई थी, उनकी अगली फिल्म एक अज्ञात नायक के बारे में होगी। एक इवेंट में फिल्म के बारे में बात करते हुए, फिल्म निर्माता ने कहा, यह एक सच्ची कहानी है जो मेरे सामने आई। इस बार यह 83 के विपरीत एक अज्ञात नायक के बारे में है, जिसमें जीवित लेजेंड्स को दिखाया जाएगा, जिनके बारे में हम सभी जानते हैं।उन्होंने कहा, जिसने यह सब किया है, उसे हमने कैसे फीका पडऩे दिया। यही उत्साह है। मैं शायद मई से फिल्म की शूटिंग शुरू करूंगा और इसमें कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। अन्य किरदारों के लिए कास्टिंग चल रही है।

## वनवे में जैकलीन व जायद खान के साथ नजर आएंगी चाहत खन्ना



एक वक्त था जब हिन्दी फिल्म उद्योग में रामसे ब्रदर्स के नाम का डंका बजता था। रामसे ब्रदर्स की हॉरर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर होती थी। उन्होंने कई फिल्मों का निर्माण किया। लम्बे समय से रामसे ब्रदर्स के नाम से कोई फिल्म बाजार में नहीं आई है। लेकिन अब इस परिवार के फिल्म निर्माता श्याम रामसे की बेटी साशा रामसे बतौर निर्देशक सामने आ रही हैं। इन दिनों वे फिल्म वन वे का निर्देशन कर रही हैं, जिसके जरिये संजय खान के बेटे अभिनेता जायद खान बॉलीवुड में वापसी करने जा रहे हैं। इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस भी मुख्य भूमिका में हैं और एकता कपूर के सोप ओपेरा बड़े अच्छे लगते में दिखाई दी चाहत खन्ना भी नजर आएंगी।बड़े अच्छे लगते हैं की एक्ट्रेस चाहत खन्ना ने जैकलीन फर्नाडीस अभिनीत फिल्म वन वे का हिस्सा बनने के लिए अपनी खुशी साझा की। उन्होंने कहा कि वह विभिन्न अवसरों की खोज करने और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं निभाने के लिए उत्सुक हैं। वन वे एक सुपरनेचुलर थ्रिलर है, जिसमें मैं हूं ना एक्टर जायद खान भी हैं और फिल्म निर्माता श्याम रामसे की बेटी साशा द्वारा निर्देशित है। फिल्म में, चाहत एक महिला की भूमिका निभा रही हैं, जो जैकलीन फर्नाडीस द्वारा निभाए गए किरदार की मेंटॉर है। इसके अतिरिक्त चाहत इन दिनों यात्री नामक फिल्म भी नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि दोनों फिल्में एक–दूसरे से बिल्कुल अलग हैं और इसी बात से चाहत खुश हैं।

चाहत यात्री नाम की एक और फिल्म में भी नजर आने वाली हैं। इन प्रोजेक्ट्स के बारे में बात करते हुए, चाहत ने कहा, मुझे अलग–अलग माध्यमों में काम करने में मजा आता है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com